RNI NO. MPHIN/2016/69277 ● POSTEL REG.NO.MP/BPL./4-321/2016-18

# दैनिक सोनिया टाइम्स

वर्ष : 10, अंक - 98 | प्रातः कालीन हिन्दी दैनिक | भोपाल, शनिवार 07 जून 2025 | E-mail.:-soniyatimesnewspaper@gmail.com | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए

# जी-7 सम्मेलन में हिस्सा लेने कनाडा जाएंगे पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने फोन कर दिया न्योता

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की है और उन्हें जी7 सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने आमंत्रण के लिए उन्हं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात का बेसब्री से इंतजार है। इस साल 15 से 17 जून 2025 को कनाडा के अल्बर्टा के कनानास्किस में जी7 सम्मेलन हो रहा है। इसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, जापान, इटली, कनाडा और जर्मनी के शीर्ष नेता हिस्सा लेंगे। इसके अलावा भारत ब्राजील, मैक्सिको, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन के राष्ट्रपतियों और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री को भी शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बात कर खुशी हुई। मैंने उन्हें हाल ही में हुए चुनाव में जीत की बधाई दी और इस महीने के अंत में कनानास्किस में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने आगे कहा, भारत और कनाडा दोनों ही जीवंत लोकतंत्र हैं और हमारे लोगों के बीच गहरे संबंध हैं। हम आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर नई ऊर्जा के साथ मिलकर काम करेंगे। जी7 शिखर सम्मेलन में उनसे मुलाकात को लेकर उत्सुक हूं।



## भारत-कनाडा संबंधों में गिरावट कैसे आई ?

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी कनाडाई समकक्ष अनीता आनंद की हाल ही में फोन पर बातचीत हुई थी। जिसके बाद दोनों देशों के बीच लंबे समय से चली आ रही तनातनी के बाद संबंधों में सुधार के संकेत मिलने लगे थे। भारत और कनाडा के रिश्ते तब बिगड़ गए थे जब सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया था। भारत ने इन आरोपों को बेबुनियाद और गलत बताया था। इसके बाद दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों में गिरावट आई और एक-दूसरे के कई राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कहा गया। जी7 में भारत को आमंत्रित न किए जाने पर विपक्ष ने हाल ही में सरकार पर निशाना साधा था और इसे एक बड़ी कूटनीतिक चूक बताया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि छह साल में पहली बार भारत शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहा है। रमेश ने कहा था, भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव और अंतरराष्ट्रीय नीतियों को आकार देने के लिए ऐसे मंचों पर भागीदारी महत्वपूर्ण है। भारतीय प्रधानमंत्रियों को आमंत्रित करने की परंपरा 2014 के बाद भी जारी रही, लेकिन अब 6 साल में पहली बार विश्वगुरु कनाडा शिखर सम्मेलन में मौजूद नहीं रहेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### उम्मीद है जम्मू-कश्मीर फिर से पूर्ण राज्य बनेगा : उमर अब्दुल्ला

**जम्मू।** अब्दुल्ला ने कहा, ''इस मंच पर चार व्यक्ति हैं जो कटरा रेलवे स्टेशन के उद्घाटन (2014 में) के समय उपस्थित थे। आप चुनाव जीतकर आए थे, पहली बार प्रधानमंत्री बने थे। उस समय प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्य मंत्री (एमओएस) जितेंद्र सिंह मौजूद थे और हमारे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा साहब रेल राज्य मंत्री के तौर पर अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे और मैं मुख्यमंत्री के तौर पर यहां था।'' उन्होंने कहा, ''यदि आप देखें तो माता (वैष्णो देवी) के आशीर्वाद से सिन्हा को पदोन्नति मिली है और मुझे पदावनति। मैं पहले एक राज्य का मुख्यमंत्री था और अब मैं केंद्र शासित प्रदेश का मुख्यमंत्री हूं। हालांकि, मेरा मानना है कि इसे ठीक करने में ज्यादा समय नहीं लगेगा.... आपके कार्यकाल में ही जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य का दर्जा मिलेगा।'' अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद पूर्ववर्ती राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेशों में पुनर्गठित किया गया था। अब्दुल्ला ने कहा कि कई लोगों ने कश्मीर में ट्रेन चलने का सपना देखा था। उन्होंने कहा, ''कश्मीर को रेल से जोड़ने का सपना तो अंग्रेजों ने भी देखा था, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। उनकी योजना झेलम के किनारे उरी से रेल लाकर देश से जोड़ने की थी। जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, वह आपके (मोदी) हाथों हुआ और कश्मीर देश के बाकी हिस्सों से जुड़ गया।

### सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव को तत्काल प्रभाव से हटाया गया

**बंगलूरू।** के. गोविंदराज को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के राजनीतिक सचिव के पद से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से इससे जड़ी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इसके अलावा खुफिया विभाग के प्रमुख हेमंत निंबालकर और एक अन्य आईपीएस अधिकारी का भी तबादला कर दिया गया है। दरअसल, कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को बंगलूरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद प्रशासनिक फेरबदल जारी रखा है। बंगलूरू के पुलिस आयुक्त बी. दयानंद और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने के एक दिन बाद मुख्यमंत्री कार्यालय ने खुफिया विभाग के प्रमुख हेमंत निंबालकर, एक आईपीएस अधिकारी को भी स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया। फैसला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम के इंडियन प्रीमियर लीग जीत के जश्न के दौरान हुई घटना के बाद बढ़ते दबाव और सार्वजनिक आक्रोश के मद्देनजर लिया गया है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भीड़ जुटी थी, जिसके कारण स्टेडियम के गेट पर भगदड़ मच गई थी। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

### आरसीबी के अधिकारी समेत चार गिरफ्तार

**बंगलूरू।** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 56 अन्य घायल हो गए थे। उन्हें क्राइम ब्रांच और बंगलूरू पुलिस की ओर से एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया था। अदालत ने शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के एक अधिकारी समेत चार लोगों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ के सिलसिले में आरसीबी और इवेंट मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया गया है। बंगलूरू के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने भी पुष्टि की कि भगदड़ मामले में कुछ गिरफ्तारियां की गई हैं। हमारी टीमें मामले को बहुत गंभीरता से ले रही हैं और आखिरकार मामला सीआईडी के पास जाना है। इसलिए सीआईडी के पास जाने से पहले हमारी टीम की ओर से जो भी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करनी हैं।

## मोदी जी प्लीज फैसले पर फिर से सोच लो!

### सिंधु नदी का पानी बंद होने के बाद पाकिस्तान भारत को भेज चुका है चार चिट्ठियां



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अब तक सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) के निलंबन पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत को चार पत्र भेजे हैं और भारत से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद, भारत के जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देबाश्री मुखर्जी ने पाकिस्तान के जल मंत्रालय के सचिव सैयद अली मुर्तजा को पत्र लिखा। पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि भारत पाकिस्तान से उत्पन्न सीमा पार आतंकवाद का शिकार बना हुआ है। भारत ने आईडब्ल्यूटी में अपनी भागीदारी को निलंबित करने के अपने निर्णय को संप्रेषित करते हुए तकनीकी तर्कों के साथ-साथ इस संदर्भ का हवाला दिया। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान ने आपसी विश्वास और सहयोग की भावना को कमजोर किया है, जो 1960 की संधि का आधार थी। पहला पत्र मई की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से पहले भेजा गया था। तब से मुर्तजा ने तीन अतिरिक्त अपीलें भेजी हैं। सूत्रों के अनुसार, सभी पत्राचार जल शक्ति मंत्रालय के माध्यम से विदेश मंत्रालय को भेज दिए गए हैं। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोहराया था कि व्यापार और आतंक, पानी और खून, गोली और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। भारत ने सिंधु नदी प्रणाली से संबंधित रणनीतिक जल अवसंरचना परियोजनाओं पर काम तेज़ कर दिया है। एक प्रमुख पहल 130 किलोमीटर लंबी नहर है जिसे ब्यास नदी को गंगा नहर से जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका यमुना नदी तक प्रस्तावित विस्तार है।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया

# मुख्यमंत्री बावड़ी उत्सव में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से सम्मिलित हुए

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जल गंगा संवर्धन अभियान में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर स्थित लक्ष्मण बावड़ी से बावड़ी उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बूंद सहेजे बावड़ी पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में चिंतामण गणेश मंदिर परिसर में सिंदूर के पौधे का रोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान चिंतामण गणेश के आशीर्वाद से देश-प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयाँ छू रहा है। उज्जैन में आयोजित की गई वेलनेस समिट में हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

उज्जैन देश-विदेश के लिए मानसिक शांति, आध्यात्म, वेलनेस केयर का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उज्जैन-इंदौर नवीन फोरलेन पर भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशन का उन्नयन भी किया जाएगा। मां क्षिप्रा को कान्ह क्लोज़ डक्ट परियोजना और सेवारखेड़ी सिलारखेड़ी परियोजना से स्वच्छ, निर्मल और प्रवाहमान किया जा रहा है। इससे सिंहस्थ स्नान मां क्षिप्रा के स्वच्छ जल से हो होगा। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नवीन क्षिप्रा घाटों का निर्माण किया जा रहा है। सभी सुविधा श्रद्धालुओं को सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि





प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रदेश में जल संरक्षण का संदेश, जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार और भू-जल स्तर में सुधार पर कार्य कर जल की एक-एक बूंद को संरक्षित करने के उपाय किये गये हैं। जन अभियान परिषद द्वारा बताया गया कि बावड़ी उत्सव में बावड़ियों के स्थल की जन सहभागिता से जीर्णोद्धार, प्रकाश, साफ सफाई, साज-सज्जा, जल आने के मार्गो को खोलकर जल संरचनाओं को नव जीवन प्रदान किया जा रहा है। जीर्णोद्धार के बाद बावड़ी उत्सव अंतर्गत बावड़ी का परंपरागत पूजन भी किया जा रहा है और जलस्त्रोत संरक्षण केन्द्रित संदेश अथवा बावड़ी के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, सामाजिक महत्व के बारे में जानकारी देकर, जल संचय का संदेश दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में संपूर्ण अभियान में परिषद के प्रयासों से 36 लाख 34 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हुई है।

## रेल मंत्री ने कटरा श्रीनगर रेल संपर्क परियोजना की आठ विशेषताएं साझा कीं

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कटरा-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना की आठ उल्लेखनीय विशेषताएं साझा कीं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में वैष्णव ने इस परियोजना को 'इंजीनियरिंग की एक उल्लेखनीय उपलब्धि' के रूप में वर्णित किया और इस बात पर जोर दिया कि इसमें 'भारत की सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी-50' शामिल है। खारी और सुंबर के बीच स्थित इस सुरंग की लंबाई 12.77 किलोमीटर है। इसके अतिरिक्त, रेल संपर्क में भारत की दूसरी सबसे लंबी परिवहन सुरंग, टी-80 भी शामिल है। ब निहाल और काजीगुंड के बीच स्थित पीर पंजाल रेलवे सुरंग के रूप में जानी जाने वाली ये सुरंग 11.22 किलोमीटर लंबी है। उन्होंने बताया, ''भारत की तीसरी सबसे लंबी रेलवे सुरंग टी-44,



सावलकोट-सांगलदान के बीच है, जिसकी कुल लंबाई 11.13 किलोमीटर है।'' वैष्णव ने बताया कि इस परियोजना में 36 मुख्य सुरंगों का निर्माण शामिल है, जिनकी कुल लंबाई 119.6 किलोमीटर है, साथ ही आठ निकास सुरंगों का भी निर्माण किया गया है, जिनकी कुल लंबाई 66.4 किलोमीटर है। उन्होंने चिनाब पुल का विवरण भी प्रस्तुत किया, जो विश्व का सबसे ऊंचा मेहराब वाला (आर्च ब्रिज) पुल है, जिसकी लंबाई 1.3 किलोमीटर है तथा ऊंचाई 359 मीटर है। यह पुल पेरिस स्थित एफिल टॉवर से 35 मीटर ऊंचा है। वैष्णव ने इस अवसर पर भारत के पहले केबल स्टेड रेल सेतु 'अंजी पुल' के बारे में बताया। इस पुल की लंबाई 725.5 मीटर है, जिसके मध्य में एक खंभा है और इस खंभे की ऊंचाई 193 मीटर है। उल्लेखनीय बात यह है कि सभी 96 स्टे केबल सिर्फ 11 महीनों के भीतर स्थापित किए गए, जिनकी कुल लंबाई 653 किमी है।

## सिक्किम में तबाही: चेट्टन में फंसे 64 पर्यटकों में 17 को सुरक्षित निकाला गया

**गंगटोक।** सिक्किम के चेट्टन में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में फंसे 64 पर्यटकों में से 17 को सुरक्षित निकाल लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटकों को निकालने के लिए शुक्रवार सुबह फिर से बचाव अभियान शुरू किया गया। खराब मौसम के चलते बृहस्पतिवार को बचाव अभियान रोकना पड़ा था। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर की मदद से शुरू किया गया दिन का पहला बचाव अभियान सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। चेट्टन से 17 लोगों को सुरक्षित निकालकर हेलीकॉप्टर से पाकयोंग के ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि चेट्टन में अभी भी करीब 47 लोग फंसे हुए हैं। उन सभी को जल्द से जल्द हेलीकॉप्टर से निकाला जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने बचाए गए लोगों को हवाई अड्डे से गंगटोक ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की है, जहां से उन्हें अपने गंतव्य के लिए रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की एक टीम भी हवाई अड्डे पर मौजूद थी, जो बचाए गए लोगों की प्रारंभिक चिकित्सा जांच कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को चेट्टन में फंसे कुल 63 लोगों को हेलीकॉप्टर की मदद से निकाला गया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू के दो दिवसीय झारखंड दौरे की तैयारियां जोरों पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 10-11 जून को होने वाले झारखंड के दो दिवसीय दौरे की तैयारियां जोरों पर हैं। यहां एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मुर्मू 10 जून को देवघर पहुंचेंगी, जहां वह 12 ज्योतिर्लिंगों में सेबाबा बैद्यनाथ धाम में पूजा-अर्चना करेंगी। वह 11 जून को देवघर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 जुलाई 2022 को शहर के दौरे के दौरान देवघर एम्स में अंतः रोगी विभाग (आईपीडी) और ऑपरेशन थिएटर की सेवाएं राष्ट्र को समर्पित की थीं। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान तिवारी ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति, राष्ट्रपति के मार्ग पर समुचित रोशनी की



व्यवस्था, सड़कों की सफाई और बुनियादी अवसंरचना के रखरखाव की आवश्यकता पर जोर दिया। मुर्मू के दौरे को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। यहां एक आधिकारिक बयान के अनुसार, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने कहा कि व्यवस्थाओं की देखरेख के लिए चार वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों को तैनात किया जा रहा है।

## मांग

### जिसका डर था वही हुआ, एलन मस्क ने की ट्रंप पर महाभियोग लाने की मांग

# जेडी वेंस बनेंगे अमेरिका के नए राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला सीईओ एलन मस्क के बीच विवाद और गहरा गया है। एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप पर महाभियोग की मांग की है। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को राष्ट्रपति बनाने की बात भी कही है। अमेरिका में जब राष्ट्रपति चुनाव होने वाले थे तो आपने ट्रंप और मस्क की दोस्ती देखी थी। किस तरह से हर चुनाव प्रचार में मस्क हमेशा ट्रंप के साथ रहते थे और ट्रंप भी इस बात को मानते हैं कि दोनों के अबतक के संबंध बेहद ही अच्छे रहे हैं। लेकिन ट्रंप इस बात को भी दोहरा चुके हैं कि अब उनके संबंध शायद ही पहले जैसे रह सके। ऐसे वक्त में अब एलन मस्क की एक नई डिमांड सामने आई है। उन्होंने कहा है कि जेडी वेंस को राष्ट्रपति बनना चाहिए। इसके साथ ही ट्रंप पर महाभियोग की मांग भी की गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने कई ऐसे फैसले लिए जिसकी वजह से उन्हें आलोचनाएं भी झेलनी पड़ी। सरकारी विभागों में उन्होंने कटौतियां की और कर्मचारियों की छटनी की। बेफिजूल खर्च पर लगाम लगाया गया और



ये टारगेट एक साल में एक तिहाई खर्च को कम करने का था। डीओजीई के तहत वो अपना काम बखूबी कर रहे थे। डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क के बीच जो कैमेस्ट्री थी, जो बॉन्डिंग थी वो कई मंच से व कई मौकों पर तस्वीरों के माध्यम से पूरी दुनिया ने देखी। 2024 में चुनाव प्रचार के दौरान दोनों नेता करीब आते हैं। डोनाल्ड ट्रंप की सबसे बड़ी जीत का श्रेय एलन मस्क को ही एक्सपर्ट्स ने तब दिया था। उन्होंने ट्रंप का सिर्फ समर्थन ही नहीं किया बल्कि ट्रंप के प्रचार में लगभग सात करोड़ डॉलर खर्च भी किए। उन्हीं एलन मस्क को डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव में जीत के बाद सबसे बड़ा तोहफा डीओजीई चीफ बनाकर दिया।

### क्या है बिग एंड ब्यूटीफुल बिल

यह बिल अमेरिका के 2017 के टैक्स कट को स्थायी बनाने का प्रयास है। यह एक व्?यापक विधेयक है, जिसमें सीमा सुरक्षा, खर्च और टैक्स शामिल किए गए हैं। अमेरिका में रह रहे दूसरे देश के लोगों द्वारा घर पैसा भेजने पर 5 प्रतिशत का टैक्स लगाने को लेकर इसकी आलोचना भी खूब हो रही है। रिन्यूवेबल एनर्जी जैसी चीजों के लिए सब्सिडी खत्म करना इसमें शामिल है। ट्रंप का यह विधेयक बाइडेन युग के उस आदेश को समाप्त कर देगा, जिसके अनुसार 2032 तक नई कार की बिक्री में दो-तिहाई इलेक्ट्रिक वाहन होंगे। विधेयक में तेल, गैस और कोयला निकालने के लिए कंपनियों द्वारा भुगतान की जाने वाली रॉयल्टी रेट्स में कटौती का प्रस्ताव है।

## नौसेना को मिलेगा पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना को 18 जून को एक नया और अत्याधुनिक जहाज मिलने जा रहा है। नौसेना के पहले एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट आईएनएस अर्नाला को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया जाएगा। यह समारोह विशाखापत्तनम के नौसेना डॉकयार्ड में होगा और इसकी अध्यक्षता जनरल अनिल चौहान, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष करेंगे। इस कार्यक्रम की मेजबानी उत्तरी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल राजेश पेंढरकर करेंगे। इस मौके पर नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी, विशिष्ट अतिथि, और जहाज निर्माण से जुड़ी एजेंसियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे। आईएनएस अर्नाला भारतीय नौसेना के लिए तैयार किए जा रहे 16 एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट जहाजों में से पहला जहाज है। यह जहाज खासतौर पर तटीय इलाकों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस जहाज का



निर्माण कोलकाता की कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने एलएंडटी शिपबिल्डर्स के साथ साझेदारी में किया है। यह साझेदारी पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत हुई है। आईएनएस अर्नाला का नाम महाराष्ट्र के वसई के पास स्थित ऐतिहासिक किले अर्नाला के नाम पर रखा गया है, जो भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को सम्मान देता है। यह युद्धपोत 77 मीटर लंबा है और यह भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा डीजल इंजन-वॉटरजेट कॉम्बिनेशन से चलने वाला युद्धपोत है। इसकी विशेषताएं इसे अन्य जहाजों से अलग बनाती हैं।

# सैलरी-सिस्टम में गड़बड़ी या साजिश.... मप्र में कथित सैलरी घोटाले पर मचा सियासी घमासान...

**भोपाल।** मप्र में बड़े सरकारी घोटाले का खुलासा हुआ है। कर्मचारियों की सैलरी के नाम पर पैसे लूटे जाने का दावा किया जा रहा है। राज्य में करीब 50,000 सरकारी कर्मचारियों की 6 महीने से सैलरी नहीं मिलने की बात सामने आई, जो कि बड़े घोटाले का संदेह पैदा करता है। कांग्रेस ने इस घोटाले का आरोप लगाते हुए 12,000 करोड़ रुपये की राशि का दावा किया है। सरकार ने जांच का आश्वासन दिया है लेकिन विपक्षी पार्टी सीबीआई जांच की मांग कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, 50 हजार वर्कर्स के नाम फाइलों में दर्ज हैं, लेकिन उन्हें इतने महीनों से सैलरी नहीं मिल रही है। करीब 230 करोड़ रुपए का घोटाला किया गया है। इस बारे में 23 मई को ट्रेजरी और अकाउंट्स के कमिश्नर ने सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) को एक लेटर भेजा। कर्मचारी सिर्फ पेपर पर हैं यानी फर्जी कर्मचारियों के नाम पर लंबे समय से ये ठगी की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, जिन 50 हजार वर्कर्स को सैलरी नहीं मिली है। उनमें 40 हजार रेगुलर वर्कर्स हैं और 10 हजार अस्थायी कर्मचारी हैं। सभी की सैलरी मिलाकर राशि 230 करोड़ रुपये पहुंच जाती है। महीनों से सैलरी न मिलना बड़े फजीवाड़े की ओर इशारा किया जा रहा है।

पत्र का मजमून मामले को लेकर ट्रेजरी और अकाउंट्स विभाग के कमिश्नर भास्कर लक्षकार ने सारे कोषालय अधिकारी को चिट्ठी लिखी है। दरअसल चिट्ठी में कहा गया आईएफएमआईएस सिस्टम में ऐसे रेगुलर और नॉन-रेगुलर कर्मचारियों का डाटा भेजा है। अकाउंट एक्टिव, कोड एक्टिव फिर भी सैलरी नहीं निकाली गई है। सैलरी नहीं निकालने के बाद पिछले 4 महीने से सैलरी नहीं जारी की गई है। कोड सक्रिय हैं लेकिन मृत्यु या सेवानिवृत्ति तिथि की आईएफएमआईएस में प्रविष्टि नहीं हुई है। आईएफएमआईएस पोर्टल पर ईएंडआईटी प्रोसेस पूरा नहीं हुआ है, फिर भी वेतन नहीं निकाला जा रहा है। कार्यालय को अवगत कराएं कि उक्त डाटा में कितने कर्मचारी संदिग्ध/काल्पनिक/फर्जी है। फर्जी/काल्पनिक कर्मचारी चिह्नांकित होते हैं, तो संभागीय संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा के माध्यम से तत्काल प्रतिवेदन इस कार्यालय को प्रेषित करें।

वेतन की प्रक्रिया में गड़बड़ी 50 हजार कर्मचारियों के नाम और कर्मचारी कोड भले ही आधिकारिक दस्तावेजों में मौजूद हैं, लेकिन वेतन न मिलने के कारण उनकी स्थिति संदिग्ध बन गई है। डीडीओ के पत्र में लिखा, इन कर्मचारियों के वेतन की प्रक्रिया में गड़बड़ी पाई गई है। विभागीय अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है और 15 दिनों के अंदर जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि राज्य के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने इस पर कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिससे मामले की गंभीरता पर सवाल उठते हैं। ये कर्मचारी अभी गायब हैं। यह न केवल वित्तीय गड़बड़ी नहीं बल्कि प्रशासनिक लापरवाही का भी संकेत है। यह घटना राज्य की वित्तीय प्रणाली में सुधार की आवश्यकता को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। इस मामले को लेकर एक अधिकारी ने बताया कि हम नियमित रूप से डेटा विश्लेषण करते हैं और इसी जांच में इस घोटाले की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि इन अकाउंट्स से सैलरी नहीं ली जा रही है और अब जांच की जाएगी। मामले की जांच के लिए राज्य भर में अभियान शुरू कर दिया गया है। सब हैरान है कि अगर ये 50 हजार कर्मचारी रिकॉर्ड में हैं तो सामने क्यों नहीं। कहीं ये छुट्टी पर तो नहीं गए। सोचने वाली बात यह भी है कि एक साथ सब छुट्टी पर कैसे जा सकते हैं।

# जन अभियान परिषद के तत्वावधान में भव्य आयोजन, जनजागरूकता का दिया संदेश

## परंपरा और संस्कृति का उत्सव है जल गंगा संवर्धन अभियान





**सिरोंज।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा क्षेत्र के ग्राम पारधा में बावड़ी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल पारंपरिक जल स्रोतों की महत्ता को उजागर करना था, बल्कि आमजन में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना भी था। इस दौरान सर्वप्रथम जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्थाएं एवं परामर्शदाताओं ने ग्रामीण के साथ मिलकर सामूहिक श्रमदान किया। इसके बाद पूरे परिसर को दीपों और रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक और आकर्षक हो उठा। स्वच्छता अभियान के दौरान पर्यावरण महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। वही कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण केंद्र सामूहिक दीप प्रज्वलन और गंगा आरती का आयोजन रहा। जिसमें सैकड़ों लोगों ने आरती में भाग लेकर भारतीय संस्कृति में जल की महत्ता को नमन किया। गूंजते मंत्रों और भक्ति संगीत के साथ हुए इस आयोजन ने उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर अभियान से संबंधित जानकारी ब्लॉक समन्वयक चरण सिंह दांगी ने रखी, तो मंच का संचालन नरेंद्र सिंह दांगी ने किया। इस दौरान अतिथियों में युवा समाजसेवी रिंकू सुमन, पंचायत सचिव, नवांकुर संस्था सर्वधर्म जन कल्याण सेवा समिति संयोजक प्रमोद रघुवंशी, सागर यादव, कृष्णचंद पटेल, इंदर सिंह, देवेंद्र सहित ग्रामीणजन मौजूद रहे।

**संगोष्ठी में जनजागरूकता पर जोर** - इसके उपरांत पारधा गांव में ही संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा, बावड़ियां सिर्फ जल स्रोत नहीं हैं, बल्कि हमारी संस्कृति और विरासत का हिस्सा हैं। इनके संरक्षण के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और पारंपरिक जल संरचनाओं के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा परंपरा और संस्कृति का उत्सव है जल गंगा संवर्धन अभियान इसलिए हमें हमारे जल स्रोतों को बचाना चाहिए है। वही ग्राम पंचायत सरपंच भैयालाल यादव ने कहा कि यह आनंद का पल जब हमारे गांव में यह समाज से भी लोग आए हैं जिन्होंने हमारे गांव की 350 साल पुरानी बावड़ी की साफ सफाई की एवं रंगोली बनाकर लाइटिंग से सजाया तथा गंगा आरती कर भव्यता प्रदान की, उन्होंने कहा कि हमारा गांव अब मिलकर इस बावड़ी को ऐसे ही साफ-साफ और संरक्षित रखेगा। उन्होंने इस अभियान में मदद करने वाले ग्रामीणों का भी उत्साह वर्धन किया। साफ सफाई में भाग लेने वाले लोगों का भी हारपुष्प माला से स्वागत सत्कार किया।

# संभावना की डगर सृजन कार्यक्रम का समापन






**सांची।** मध्य प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम अंतर्गत मध्य प्रदेश पुलिस,जिला पुलिस रायसेन एवं समर्थ संस्था के सहयोग से दिनांक 17 मई 2025 से संचालित 21 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन जनपद पंचायत सभागार सांची में आज दिनांक 6 जून2025 को पुलिस अधीक्षक रायसेन श्री पंकज पांडे के मुख्य आतिथ्य एवं सांची नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ आज के कार्यक्रम में सृजन कार्यक्रम के प्रतिभागी किशोर किशोरियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम यथा देश प्रेम नृत्य, प्रेरणा गीत, बाल अधिकार की प्रस्तुति, आत्मरक्षा तकनीक का प्रदर्शन, संभावना की डगर पावर बॉक, आंगन के पार संभावना अपार नाटिका, सृजन कार्यक्रम के अनुभव आदि प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में किशोर किशोरियों के पालकों द्वारा भी उनमें आए बदलावों को साझा किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पांडे द्वारा कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षण की सिखों पर संवाद किया एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं इसी प्रकार के कार्यक्रम आगे भी आयोजित किए जाएंगे यह भी जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस कार्यक्रमनगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार शिक्षा विभाग से सुश्री ऐश्वर्या मूंदड़ा, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, थाना प्रभारी नितिन अहिरवार, समर्थ संस्था की सचिव सुश्री किरण बिंजानी, मंजू शर्मा, सुमित राय, आफताब खान सोनम ठाकुर अमित जोशी मंटू कृपाल सिंह राजपूत जनप्रतिनिधि गण, पालक गण सहित 300 लोगों ने सहभागिता की।

# आपके सहयोग और विश्वास से हमें निरंतर कार्य करने में मिलेंगी गति : डॉ. प्रभुराम चौधरी

## विधायक डॉ.चौधरी ने नाले पुल व उप स्वास्थ्य केंद्र का किया लोकार्पण



**रायसेन।** सरकार की मंशा अनुरूप प्रदेश भर में विकास निर्माण के कार्य तेजी के साथ किया जा रहे हैं। केंद्र की मोदी और राज्य की मोहन सरकार के नेतृत्व में विकास का मकड़ जाल बिछाया जा रहा है। हर गांव में रोड सड़क बिजली पानी की मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का संकल्प सरकार ने लिया है। वही सांची विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मंत्री विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी के अथक प्रयासों से क्षेत्र के अंदर ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करने के लिए काम किया जा रहा है। वही आज जिला मुख्यालय रायसेन के समीप स्थित ग्राम परवरिया में दो करोड़ 40 लाख के पुल मय मार्ग और 44 लाख की लागत से बने उप स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण डॉ. प्रभुराम चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष यशवंत मीणा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे। वहीं ग्रामीण जनों को संबोधित करते हुए डॉ.प्रभुराम चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष ध्यान देकर जनता के हितों में काम कर रही है। प्रत्येक गांव में सड़क बिजली पानी की व्यवस्थाएं लगातार की जा रही हैं वहीं स्वास्थ्य और शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जगह-जगह हमने उप स्वास्थ्य केंद्र और गांव की सड़कों को मुख्य मार्ग से जोड़ा जा रहा है जिससे ग्रामीण जनों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और भी अनेकों कार्य सरकार द्वारा स्वीकृत किए जा रहे है। धीरे-धीरे उन कार्यों को भी समय से पूर्व पूर्ण किया जा सकेगा। आपके सहयोग और विश्वास से हमें निरंतर कार्य करने में गति मिलेगी मेरा संकल्प है कि मेरी विधानसभा में चहुंमुखी विकास हो और प्रत्येक नागरिक सुख समृद्धि और सुख शांति प्राप्ति की मिल सके। मेरे क्षेत्र वासियों को कभी भी किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# किसान के बेटे अरुण चौहान की गौरवशाली उपलब्धि

## जेईई एडवांस परीक्षा में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया




**बाड़ी।** बाड़ी नगर एवं ग्रह ग्राम भैसाया के साथ-साथ क्षेत्र का गौरव बढ़ाया नगर के एमपी कॉन्वेंट स्कूल में पढ़े प्रतिभाशाली छात्र अरुण चौहान ने जेईई एडवांस परीक्षा 2025 में उल्लेखनीय स्थान प्राप्त कर बाड़ी नगर का गौरव बढ़ाया है। छात्र अरुण चौहान के पिता श्री जसवंत सिंह चौहान ने आनंदित होते हुए बताया कि अरुण ने कक्षा नर्सरी से बारहवी तक की पढ़ाई बाड़ी के स्कूल में ही की है। छात्र की गौरवशाली उपलब्धि से परिवार में अपार हर्ष है। छात्र अरुण चौहान ने बताया की इस उपलब्धि का श्रेय पिता जशबंत चौहान माता सुनीता चौहान एवं शिक्षकों को बताया जेईई एडवांस परीक्षा में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त करना बहुत ही कठिन होता है परंतु छात्र अरुण चौहान की कड़ी मेहनत से और शाला परिवार के मोटिवेशन से यह सफलता प्राप्त हुई है। प्रतिभाशाली छात्र अरुण चौहान ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह सफलता हासिल हुई है। छात्र अरुण चौहान ने 12 वी की परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 95% अंक प्राप्त किए थे। होनहार छात्र की गौरवशाली सफलता पर ग्राम भैंसाया सहित समस्त बाड़ी अंचल में अपार खुशी और उल्लास है। सभी प्रियजन अरुण चौहान को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस खुशी के अवसर पर एमपी कॉन्वेंट स्कूल के संचालक महेंद्र दुबे ने जेईई एडवांस 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र अरुण चौहान को शाला परिवार की ओर से सम्मानित किया एवं अरुण के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मुखबिर की सूचना पर नाकाबंदी कर पकड़ी 18 नग सागौन लकड़ी





**बाड़ी।** बाड़ी वन परिक्षेत्र अंतर्गत गुरुवार रात्रि को मुखबिर की सूचना के आधार पर नागिन मोड़ के ऊपर नकाबन्दी की गई। रात्रि समय 12:10 पर एक संदिग्ध वाहन को रोका गया। वाहन रुकने पर ड्राइवर कूद कर मौके से फरार हो गया। वाहन चेक करने पर उसमे सागौन 18 नग भरे पाए गए। वाहन में बैठे अन्य व्यक्ति करण अहिरवार आत्माज रघु अहिरवार निवासी नारद खेड़ा से पूछताछ करने पर उक्त लकड़ी के सम्बन्ध में कोई भी वैध दस्तावेज नहीं होना पाया गया। तत्पश्चात वाहन व अपराधी को परिक्षेत्र केम्पस बाड़ी लाया गया व प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत कार्यवाही की गई। लकड़ी की अनुमानित कीमत 60,000 रुपये है महिंद्रा पीकप औबेदुल्लागंज की तरफ से आ रही थी जिसे कुटनासिर में खाली करने का बोला गया था । गाड़ी में सागौन की लकड़ी इतनी मोटे साइज में है की जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि यह लकड़ी इस क्षेत्र की नहीं है लकड़ी पुरानी भी है मतलब यह है कि लकड़ी माफिया काफी दिनों से यह कार्य कर रहा है यदि विभाग इस मामले को गंभीरता से लेता है तो इसमें और कड़ी खुलेंगी वहीं सोचने वाली बात यह भी है कि रेंजर जीतेंद्र तोमर ने 18 नग सागौन की लकड़ी की सिर्फ 60 हजार बताई। जबकि यह लकड़ी लाखों की हैं इसलिए लकड़ी माफिया के हौसले बुलंद हैं कायवाही में डिप्टी रेंजर मशीयत उल्लाह खान, प्रभारी वनपाल राजेश यादव, वन रक्षक शेषमणि शुक्ला, वन रक्षक अश्वनी तिवारी व अन्य स्टॉफ शामिल था।

# राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र इकाई ने पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में किया वृक्षारोपण, लगाए ट्री गार्ड




**पिपरिया।** शहीद भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पिपरिया में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) की छात्र इकाई द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुकरणीय पहल की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज परिसर में वृक्षारोपण किया गया एवं नवरोपित पौधों की सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन एनएसएस प्रभारी डॉ. इमरान खान के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी, डॉ. एस.के. मेहरा, डॉ. स्वाति त्रिपाठी, डॉ. प्रीति राजपूत, बीना सनोडिया सहित्र स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे, डॉ. इमरान खान ने इस अवसर पर कहा कि ₹इस पहल का उद्देश्य केवल पौधे लगाना भर नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखभाल और संरक्षण के प्रति गंभीरता को दशार्ना भी है। ऐसे प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम में एनएसएस के छात्र अभिषेक विश्वकर्मा, अनुज सिलावट, रोहित सोलंकी, हर्ष मांडले, प्रदीप पगारे, दुर्गेश सूर्यवंशी, अंकुश सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को साकार रूप दिया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि युवा शक्ति जब संकल्पबद्ध हो जाती है, तो हरित भविष्य केवल सपना नहीं, एक सुनिश्चित वास्तविकता बन सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का समापन समारोह आयोजित

**रायसेन (निप्र)।** रायसेन स्थित खेल स्टेडियम परिसर में ताइक्वांडो व फुटबॉल खेल के खेलों हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (समर कैंप) का समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर दिनांक 1 मई 2025 से रायसेन जिले में जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड में 22 स्थानों पर 12 खेलों के प्रशिक्षण कैंपों का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री पंकज कुमार पांडे के निर्देशन में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी द्वारा संचालित किए गए प्रशिक्षण शिविर में जिले भर में 1297 खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों पर भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पाण्डे ने कहा कि खिलाड़ियों ने अनुशासन में रहकर पूरे एक महीने तक खेलों को सीखा है। सभी खिलाड़ी आपस में एक साथ खेले हैं जिससे खिलाड़ियों में दोस्ती की भावना जन्म लेती है और खिलाड़ी आपस में बहुत अच्छे मित्र बन जाते हैं। पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डे ने कहा कि खेल ऐसा माध्यम है जिससे खिलाड़ियों में देश प्रेम की भावना जागृत होती है और खिलाडी समाज में अपना श्रेष्ठ स्थान रखता है। सभी खिलाड़ी अपने-अपने खेलों को निखारने के लिए नियमित अभ्यास करते रहें और अपने जिला व अपने राज्य और राष्ट्र का नाम रोशन करते रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी खिलाड़ियों को आगे खेलने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की गई। समारोह के प्रारंभ में में जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री जलज चतुर्वेदी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन समारोह के अवसर पर विजेता व उपविजेता बालक एवं बालिकाओं को ट्राफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही पूरे 1 महीने तक योग्य प्रशिक्षकों ने जो प्रशिक्षण दिया है उनमें दिनेश दिवाकर ताइक्वांडो प्रशिक्षक पुलिस लाइन रायसेन, वीएस बुंदेला फुटबॉल प्रशिक्षक खेल विभाग रायसेन, राजा रैकवार व मीना रैकवार वरिष्ठ खिलाड़ी व प्रशिक्षक को भी इस अवसर पर अतिथि के द्वारा ट्रैक शूट प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### ग्रामीणों को बारिश में भीगते देख उनके पास पहुंचे कलेक्टर

**रायसेन (निप्र)।** प्रति मंगलवार की भांति कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नागरिकों की समस्याओं तथा शिकायतों का समाधान किया गया। पेयजल समस्या लेकर ग्राम सीहोरा इमलिया से बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों को बारिश में भीगते देख कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा गाड़ी से उतरकर उनके पास पहुंचे और उनकी समस्या जानी। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में नलजल योजना के संचालन हेतु गठित समिति द्वारा ठीक तरीके से योजना का संचालन नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा नल कनेक्शन की राशि प्रतिमाह जमा की जा रही है। लेकिन इसके बाद भी पिछले 15 दिवस से मोटर खराब होने के कारण पेयजल की सप्लाई बंद है। जिस कारण ग्रामीणों को बेहद परेशानी हो रही है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा को ग्रामीणों ने बताया कि बार-बार बोलने के बाद भी मोटर ठीक नहीं करवाई जा रही है। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को समक्ष बुलाकर तत्काल वस्तुस्थिति ज्ञात कर ग्रामीणों की पेयजल समस्या का भी शीघ्र समाधान करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा के निर्देशों के परिपालन में पीएचई अधिकारी ने समस्या के समाधान हेतु की गई कार्यवाही की जानकारी देते हुए बताया कि सीहोरा इमलिया के पंचायत सचिव और समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया है। मोटर ठीक करवाई जा रही है तथा दो दिवस में ग्राम में पेयजल वितरण शुरू हो जाएगा। साथ ही नलजल योजना के बेहतर संचालन हेतु नवीन समिति गठित की जाएगी। जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, आर्थिक सहायता, शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिलने संबंधी थे, जिनका शीघ्र समाधान कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर्स तथा अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कक्षा आठवीं और पांचवी में जिले की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

## कलेक्टर ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित




**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले में शिक्षा के क्षेत्र में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं वार्षिक परीक्षा 2025 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कलेक्ट्रेट के बेतवा सभाकक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 5वीं और 8वीं के जिला स्तरीय प्रवीणता सूची में टॉप टेन विद्यार्थियों और 100 प्रतिशत परिणाम वाली शालाओं के शिक्षकों को फूल माला पहनाकर एवं प्रशंस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों और शिक्षकों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास और लगन की आवश्यकता होती है। उन्होंने ज्ञान अर्जित करने के लिए आज के दौर में तकनीकी क्षेत्र के संबंध में कहा कि पहले के जमाने में ज्ञान अर्जित करने के लिए संसाधन उपलब्ध नहीं रहते थे किताबें खरीदने के लिए यहां वह भटकना पड़ता था , लेकिन आज तकनीकी क्षेत्र में हुए बदलाव और प्राप्त उपलब्धियां के बलबूते पर सोशल मीडिया पर अच्छी शिक्षा ग्रहण की जा सकती है फिर चाहे व्यक्ति ग्रामीण क्षेत्र में ही निवास क्यों न कर रहा हों। सोशल मीडिया पर ज्ञान अर्जित करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में जानकारी प्राप्त की जा सकती है उन्होंने सोशल मीडिया का सदुपयोग करने की सलाह देते अच्छी शिक्षा ग्रहण करने की बात कही। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सफल सभी विद्यार्थियों और उनके पालको के साथ-साथ शिक्षकों को भी शुभकामनाएं देते हुए स्वच्छता के प्रति भी सजग रहने की अपील की उन्होंने कहा कि हम अपने जिले को साफ स्वच्छ बनाने की दिशा में कार्य करें। जिस प्रकार हम अपने घर में साफ सफाई रखते हैं वैसे ही स्कूल गांव और मोहल्ले में भी साफ सफाई रखें और साफ सफाई के संदेशों का प्रसारण भी करें। कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना समन्वयक श्री आरपी लखेर ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्रों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना होगा।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

**सम्मानित होने वाले टॉप टेन छात्रों के नाम :** डीपीसी श्री आरपी लखेर ने बताया कि जिला स्तरीय प्रवणता सूची में कक्षा आठवीं में जिन विद्यार्थियों द्वारा टॉप 10 सूची में स्थान बनाया है उनमें पायल मीना, दीपिका शर्मा, नैन्सी तिवारी, प्रिया रैकवार, मुनमुन नामदेव, नैन्सी सेन, पूजा वघेल, दिलासा कुशवाहा, कावेरी धाकड़ और तनिष लोधी शामिल हैं इसी प्रकार कक्षा पांचवी में जिन विद्यार्थियों द्वारा टॉप 10 सूची में स्थान बनाया है उनमें पूजा शाक्य, विधि सिंह, दिशिता लोधी, आयुष बघेल, आराध्या यादव, यशवंत धाकड़, बालकृष्ण बघेल, आशीष कुमार, प्रिंस अहिरवार, गुंजन और सिमरन राठौर शामिल हैं।

**सम्मानित होने शिक्षक :** कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं वार्षिक परीक्षा 2025 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और शिक्षकों का सम्मान समारोह में 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने वाले शिक्षकों का भी सम्मान हुआ उनमें श्रीमती साइना बानो, श्री प्रमोद कुमार जैन, श्री घनश्याम कुशवाहा,श्री शकील गोरी, श्री सुभाष सोकर, श्री मोहम्मद साजिद खान, श्रीमती अंगूरी कुशवाहा, श्री महेश राठौर, श्री अनिल शर्मा, श्रीमती रूसी रिछारिया तथा शिक्षक श्रीमती कृपा तिर्की, श्री धीरज सिंह मीणा, श्री पार्थ सारथी नामदेव, श्रीमती शोभा रघुवंशी, श्री संतोष जैन, श्री रामकृष्ण रघुवंशी, श्री राजेंद्र भावसार, श्री चंद्र मोहन माली, श्री सुरेंद्र अहिरवार और श्रीमती नुसरत जहां शामिल हैं।

**शिक्षकों और बच्चों ने किया अपने अनुभव सांझा :**
कलेक्ट्रेट के बेतवा सभा कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में 100 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित करने पर शिक्षकों और विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने अनुभव सांझा किये। इस दौरान प्राथमिक शाला बलरामपुर लटेरी में पदस्थ शिक्षिका रूसी रिछारिया ने बताया कि वह कैसे अपने स्कूल में दर्ज बच्चों को शत प्रतिशत अटेंडेंट के साथ किस प्रकार उन्हें अध्ययन कराती थी वह बच्चों को प्रतिदिन स्कूल लाने के लिए प्रेरित करती थी। जिससे बच्चे भी समय पर रोजाना स्कूल आते थे और अपनी पढ़ाई को पूरी लगन के साथ करते थे।

## पठारी क्षेत्र में मूर्ति कला का हो रहा पुनरुत्थान, क्षेत्र को मिलेगा रोजगार और पहचान



**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले की तहसील पठारी क्षेत्र में अद्भुत पत्थर से बेशकीमती मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। श्रद्धा आस्था और भक्ति की केंद्र बन रही मूर्तियां भक्तों और कला प्रेमियों की पहली पसंद बन रही है। जो स्थापत्य वास्तु और मूर्ति कला संरक्षण और संवर्धन कर पुनः उत्थान कर रही हैं। विदिशा जिले की तहसील पठारी के ग्राम सैदपुर में पत्थर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। यह मूर्तियां ग्राम सैदपुर के लाल , पीले और भूरे रंग के अद्भुत पत्थर से बेशकीमती मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। हिंदू, जैन और बौद्ध धर्म की मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है,जिसमें खास तौर पर जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की मूर्तियां बनाई जा रही है।

**कलेक्टर श्री गुप्ता ने की थी सराहना :** कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता ने विगत दिनों पठारी क्षेत्र में भ्रमण के दौरान उन्होंने सुकृति कला केंद्र सैदपुर पहुंच कर अद्भुत मूर्तियों की जमकर सराहना की थी। कलेक्टर श्री गुप्ता ने पठारी के भ्रमण दौरान इन मूर्तियों को बनाने वाले कलाकारों के हुनर को देखा और होंसला अफजाई किया था।

**ऐसे हुई मूर्ति निर्माण की शुरुआत :** पत्थर खदान मालिक डिंपल सिंघई ने बताया कि पठारी क्षेत्र से पूरे देश में जैन मंदिरों के फाउंडेशन बनाने वाले पत्थर ब्लॉक भेजे जाते हैं। 2018-19 में खजुराहो में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने मूर्ति निर्माण के लिए पत्थर की मांग की। जिसमें अंतरराष्ट्रीय लेबोरेटरी में सैदपुर खदान का पत्थर का गुणवत्ता युक्त चयन किया गया। इसके बाद से मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज की प्रेरणा से मूर्तियों का निर्माण प्रारंभ हुआ।

**ऐसे बनती है मूर्तियां :** आर्किटेक्चर प्रियंक जैन, मुख्य कलाकार रंजीत बेहरा और उत्तम मलिक ने बताया कि मूर्ति निर्माण के लिए विशेष मुहूर्त में पत्थर को वैदिक विधि से आमंत्रित किया जाता है। पत्थर की पूजा अर्चना करने के पश्चात पत्थर की कटिंग की जाती है। इसके बाद पत्थर को मूर्ति का रूप देने के लिए ड्राइंग करके तराशा जाता है। इसके बाद फिर ड्राइंग करके नक्काशी की जाती है। मूर्ति पर डिजाइन बनाकर सफाई, घिंसाई और पॉलिश कर चिन्ह अंकित अंतिम रूप दिया जाता है। मूर्ति निर्माण के दौरान कलाकार कठोर नियम और सिद्धांतों का पालन करते हैं।

**जीवंत और संजीदा दिखती है मूर्तियां :** मुख्य रूप से नागर शैली स्थापत्य कला के लिए बनाई जा रही मूर्तियों में मथुरा शैली और गंधार शैली का अनूठा संगम नजर आता है। 9 ताल के आधार पर बनाई जा रही लाल, पीले और भूरे रंग के पत्थर की मूर्तियों में अद्भुत आकर्षण नजर आता है। 1 फुट से लेकर 13 फुट तक की भीमकाय मूर्तियों का निर्माण उड़ीसा, कोलकाता, चेन्नई, राजस्थान और मध्य प्रदेश के कुशल कलाकारों के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें जैन मूर्तियों में ध्यान मग्न अवस्था, विशाल बंद नेत्र, घुंघराले केश, सुडोल कंधे, गोद में दोनों हाथ रखे हुए तीर्थंकरों के हृदय पर श्री वत्स चिन्ह प्रतिमाओं की शोभा बढ़ाते है। किसी-किसी प्रतिमा में हाथ की उंगलियां मुड़ी हुई नजर आती हैं।



फसलों का बीमा कराने हेतु किसानों को जागरूक और प्रोत्साहित करने प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया गया रवाना

**रायसेन (निप्र)।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 मौसम की फसलों से जुड़े हुए अप्रत्याशित या प्रतिकूल मौसम जोखिमों की वजह से होने वाले नुकसान की भरपाई फसल बीमा के माध्यम से की जा सकती है। कलेक्टर श्री अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार जिले के किसानों को जागरूक एवं प्रोत्साहित करने तथा फसल बीमा योजना के लाभ के प्रचार-प्रसार हेतु उप संचालक कृषि श्री दुष्यंत धाकड़ द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रचार रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एडीओ श्री एससी सोलंकी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के जिला प्रतिनिधि श्री विनय यादव, श्री अंकित बरसैया सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रायसेन जिले की सभी तहसीलों में 03 जून से 12 जून 2025 तक फसल बीमा की जानकारी प्रदान कर किसानों को फसल बीमा के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऋणी एवं गैर ऋणी किसान अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित की गई फसलों के बीमा का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए इच्छुक गैर ऋण किसान भूमि स्वामित्व दस्तावेज अधिकार का रिकार्ड आरओआर या बही, आधारकार्ड, बैंक पासबुक और फसल बुआई प्रमाण पत्र आदि आवश्यक दस्तावेज सीएससी केन्द्र, पीएमएफबीवाई पोर्टल, इंश्योरेंस कम्पनी के माध्यम से फसल बीमा करा सकते हैं। फसल बीमा से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाईन नम्बर 14447 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## शासकीय गर्ल्स कॉलेज की पूर्व छात्रा कुमारी पूजा शर्मा का सहायक प्राध्यापक पद पर चयन हुआ

### मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में अपने पहले ही प्रयास में सफल हुईं कुमारी पूजा शर्मा




**विदिशा (निप्र)।** राजमाता विजयराजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा की पूर्व छात्रा कुमारी पूजा शर्मा का चयन सहायक प्राध्यापक पद के लिए किया गया। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित लिखित और मौखिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद कुमारी पूजा शर्मा का चयन सहायक प्राध्यापक हिंदी के पद के लिए हुआ है। कुमारी पूजा शर्मा ने महाविद्यालय से हिंदी विषय में स्नातकोत्तर किया था और अपने पहले ही प्रयास में सहायक प्राध्यापक के रूप में चयनित होने में सफल हुई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीता पांडेय ने चयनित कुमारी पूजा शर्मा को बधाई दी और प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह विदिशा जिले के लिए भी एक उपलब्धि की तरह है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे अध्ययनरत छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। कुमारी पूजा शर्मा ने भी अपनी सफलता में महाविद्यालय एवं प्राध्यापकों के योगदान को महत्त्वपूर्ण माना। महाविद्यालय की यह छात्रा अब शीघ्र ही प्रदेश के महाविद्यालय में शिक्षण करती नजर आएगी।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को दी जा रही है योजनाओं एवं तकनीकों की जानकारी



**सीहोर (निप्र)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 29 मई से 12 जून तक किसानों के कल्याण को कृषि को उन्नत बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले में तीन दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक दल में कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को सम्मिलित किया गया है। अभियान के अंतर्गत गठित दलों द्वारा प्रतिदिन जिले के तीन विकासखण्ड की नौ पंचायतों में भ्रमण कर कृषकों को कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की नवीन योजनाओं, कृषि यंत्रीकरण, खरीफ मौसम की तैयारी बीजोपचार, पशुपालन एवं उद्यानिकी फसलों के सम्बंध में तकनीकी मार्गदर्शन एवं उन्नत कृषि तकनीकी की जानकारी प्रदान की जा रही है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केके पांडे ने बताया कि अभियान के तहत सीहोर विकासखंड की ग्राम पंचायत बिजोरी, महोड़िया, तथा मोगराराम में अधिकारियों के दलों द्वारा भ्रमण किया गया। इसी प्रकार आष्टा विकासखंड की ग्राम पंचायत झिलेला, कुर्ली कलॉ तथा लाखिया तथा बुधनी विकासखण्ड महागांव, मर्दानपुर एवं आवंलीघांट, बांया, माथनी एवं जहांजपुरा में वैज्ञानिक एवं अधिकारियों के दलों द्वारा भ्रमण किया गया। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत आष्टा की ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में आष्टा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजिनियर ने किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने तथा तकनीकी अपनाकर उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित किया। विभाग द्वारा 04 जून को सीहोर विकासखंड की ग्राम पंचायत बरखेड़ी, वमूलिया तथा धामनखेड़ा, आष्टा विकासखंड की भंवरी कलॉ, करमनखेडी तथा फूडरा, बुधनी विकासखंड की खेरी, सलकनपुर तथा बोरी में कृषि वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के दल द्वारा भ्रमण किया जायेगा।

## कलेक्टर श्री जैन ने शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को निर्देश

# सभी बच्चों का स्कूल में प्रवेश दिलाएं कोई भी बच्चा स्कूल जाने से न छूटे



**हरदा (निप्र)।** स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में प्रवेश दिलाएं और प्रयास किया जाए कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटे नहीं। यह निर्देश कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित शिक्षा विभाग की बैठक में अधिकारियों को दिये। उन्होने बैठक में निर्देशित किया कि विभागीय अमले के माध्यम से 6 से 18 वर्ष की आयु के सभी बच्चों का सर्वे कर शाला से बाहर के बच्चों को शाला में प्रवेश के लिये प्रेरित कर उनका प्रवेश कराएं। उन्होने बैठक में बिना किसी कारण से अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिये। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सविता झानिया, जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.एस. रघुवंशी, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री बलवंत पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री रघुवंशी को छात्रवृत्ति के लिये विद्यार्थियों के बैंक खाते अपडेट कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि कोई पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होने निर्देशित किया कि पीएम श्री विद्यालयों में नियमानुसार टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से विद्यार्थियों को सुविधाएं उपलब्ध कराएं। उन्होने बैठक में डीपीसी श्री पटेल को सार्थक एप के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थित दर्ज कराने के निर्देश भी दिये। उन्होने कहा कि सार्थक एप की उपस्थिति के आधार पर ही शिक्षकों का माह जुलाई का वेतन आहरित किया जाए। कलेक्टर श्री जैन ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि कोई भी शिकायत नॉट अटेण्डेन्ट नहीं होना चाहिए। उन्होने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालयों में पौधरोपण कर वायुदूत एप पर फोटो अपलोड कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये। उन्होने अधिकारियों को विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण के निर्देश दिये।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान का क्रियान्वयन



**विदिशा (निप्र)।** विदिशा जिले मे किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग तथा कृषि संबद्ध विभाग द्वारा खरीफ पूर्व विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 29 मई से 12 जून 25 तक किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य कृषकों को खरीफ पूर्व तैयारी के लिए उन्नत एवं वैज्ञानिक तकनीकों, नवीन अनुसंधानों एवं राज्य सरकार की योजनाओं, प्राकृतिक खेती, जल प्रबंधन फसल विविधिकरण, पशुपालन, उद्यानिकी, मछली पालन एवं कृषि यंत्रीकरण की जानकारी से अवगत कराना है, जिससे कृषकों की आय में वृद्धि हो और वे सतत् कृषि पद्धतियों को अपना सकें। जिले में इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु तीन दलों का गठन किया गया है, जिसमें किसानो द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं एवं अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त कर रहे हैं। अब तक प्रथम दल द्वारा विकासखंड विदिशा के 18 ग्रामों में दूसरा दल विकासखंड बासौदा के 18 ग्रामों एवं तीसरा दल विकासखंड कुरवाई एवं सिरोंज के 18 ग्रामों में शिविरों का आयोजन किया गया है। जिसमें 3457 किसानों ने शिविर में पहुंचकर कृषि की उन्नत तकनीक एवं मिटटी की जांच, बीज, खाद, सिंचाई, कृषियंत्र, फसल अवशेष प्रबंधन एंव ड्रोन आदि की जानकारी शिविर में उपस्थित कृषि वैज्ञानिको एवं अधिकारियों से प्राप्त की। किसानों द्वारा बताया गया की ऐसे शिविरों का आयोजन पंचायत स्तर पर दोनों सीजन रबी एंव खरीफ से पूर्व किया जाना चाहिये। इस अभियान का नियंत्रण एवं अनुश्रवण उपसंचालक कृषि जिला विदिशा, जिला नोडल अधिकारी एवं भारतीय मृदा विज्ञान भोपाल, केन्द्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल एंव कृषि विज्ञान केन्द्र रायसेन के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा किया जा रहा है।

# राहुल गांधी लीडर ऑफ कॉन्ट्रोवर्शियल तो नहीं?



आत्मसमर्प ा आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, आपके डीएनए में है। राहुल गांधी, आपको अपनी पार्टी की सरकारों का कार्यकाल याद करना चाहिये किस तरह आपने इतिहास में आत्मसमर्प ा किया। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्प ा किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्प ा किया।

सत्ता पक्ष की नीतियों और कार्यों पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है। सत्ता पक्ष पर विपक्ष द्वारा आरोप लगाना और उसकी निंदा करना भी राजनैतिक प्रतिद्वंदिता ही कही जायेगी। लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की छवि आम जनता की दृष्टि में खराब करना, विपक्ष का मूल कार्य है और होना भी चाहिये लेकिन, इस सबकी एक सीमा भी तय होनी चाहिये। राहुल गांधी कई बार राजनैतिक दल, उसके नेता, सत्ता पक्ष, प्रधानमंत्री और देश की आलोचना में अंतर नहीं कर पाते, इसीलिये अशोभनीय शब्दों का उपयोग कर बैठते हैं, वे विदेशी दौरों पर भी अंदरूनी प्रकरणों की निरर्थक चर्चा कर आते हैं, वे संवैधानिक संस्थाओं के साथ लोकतंत्र पर ही सवाल उठा देते हैं, जिससे वे स्वयं अप्रासंगिक हो जाते हैं, इस सबसे राहुल गांधी की छवि लीडर ऑफ अपोजिशन के स्थान पर लीडर ऑफ कॉन्ट्रोवर्शियल वाली होती जा रही है, इस मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं बीपी गौतम... यह है राहुल गांधी की ताजा विवादित टिप्पणी लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी मंगलवार को भोपाल दौरे पर गये थे, इस दौरान उन्होंने कहा कि ट्रंप का एक फोन आया और नरेंदर जी तुरंत सरेंडर हो गये। इतिहास गवाह है, यही बीजेपी-आरएसएस का कैरेक्टर है, यह हमेशा झुकते हैं। भारत ने 1971 में अमेरिका की धमकी के बावजूद पाकिस्तान को तोड़ा था। कांग्रेस के बब्बर शेर और शेरनियां सुपर पॉवर से लड़ते हैं, कभी झुकते नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी, आरएसएस वालों को मैं अच्छी तरह जानता हूं, इन पर थोड़ा सा दबाव डालो, थोड़ा सा धक्का मारो, डरकर भाग जाते हैं। जैसे उधर से ट्रंप ने एक इशारा किया, फोन उठाया, कहा-मोदी जी क्या कर रहे हो। नरेंदर... सरेंडरङ्ग और जी हुजूर कर मोदी जी ने ट्रंप के इशारे का पालन किया। राहुल गांधी ने कहा कि आपको एक समय याद होगा जब फोन कॉल नहीं आया था, 7 लीट आई थी, 71 की लड़ाई में हथियार आये थे, एयर क्रॉ ट कैरियर आये थे। इंदिरा गांधी जी ने कहा कि मुझे जो करना है, करूंगी, यह फर्क हैङ्ग इनका कैरेक्टर है यह, सारे के सारे ऐसे हैं। आजादी के समय से सरेंडर वाली चिट्ठी लिखने की आदत है। एक सेकेंड में थोड़ा-सा दवाब पड़े भईया यह लो... हां तो यह, इनका कैरेक्टर है। कांग्रेस पार्टी सरेंडर नहीं होती है। गांधी जी, जवाहर लाल नेहरू, सरदार पटेल, यह सरेंडर वाले लोग नहीं हैं, यह सुपर पॉवर से लड़ने वाले लोग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने कह दिया कि हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ेंगे और लोकसभा में जातिगत जनगणना पास करवा के दिखायेंगे, इस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोहन भागवत, नितिन गडकरी ने कई बातें कहीं लेकिन, इन पर थोड़ा सा दबाव पड़ा और यह सरेंडर कर गये। बीजेपी-आरएसएस के लोग दबाव में आकर जातिगत जनगणना की बात बोल गये हैं लेकिन, जातिगत जनगणना



नहीं कराना चाहते हैं, यह लोग देश में न्याय नहीं चाहते। जेपी नड्डा ने बोला जोरदार हमला भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुये सोशल साइट्स एक्स पर लिखा कि राहुल गांधी आत्मसमर्पण आप करते होंगे, आपकी पार्टी ने किया होगा, आपके नेताओं ने आत्मसमर्पण किया होगा, क्योंकि आपका इतिहास ही ऐसा रहा है लेकिन, भारत कभी आत्मसमर्पण नहीं करता। आत्मसमर्पण आपकी कांग्रेस पार्टी के शब्दकोष में है, आपके डीएनए में है। राहुल गांधी, आपको अपनी पार्टी की सरकारों का कार्यकाल याद करना चाहिये किस तरह आपने इतिहास में आत्मसमर्पण किया। आपने आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण किया, शर्म-अल-शेख में आत्मसमर्पण किया, 1971 की लड़ाई जीतने के बाद शिमला में टेबल पर आत्मसमर्पण किया, सिंधु जल समझौते में आत्मसमर्पण किया, हाजी पीर दर्रा का आत्मसमर्पण किया, छम्ब सेक्टर के 160 किमी इलाके का आत्मसमर्पण किया, 1962 की लड़ाई में आत्मसमर्पण किया, 1948 में आत्मसमर्पण किया और यहां तक कि देश की आजादी के समय मुस्लिम लीग के भी सामने आत्मसमर्पण किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 300 किमी अंदर घुस कर उसके 11 एयरबेस को तबाह किया, 9 आतंकी अड्डों को ध्वस्त किया, 150 से ज्यादा आतंकी मारे। पाकिस्तान तो रोते-रोते दुनिया को बता रहा है कि भारतीय सेना ने पाकिस्तान में 18 जगह हमला करके सब कुछ तबाह कर दिया और राहुल गांधी देश के आत्मसमर्पण की बात कर रहे हैं। राहुल गांधी को पता होना चाहिये कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की घोषणा सरकार ने या, भाजपा के किसी प्रवक्ता ने नहीं की थी बल्कि, भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने की थी। ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता, शौर्य एवं पराक्रम का उद्घोष है। वास्तव में जिनकी नीतियां आत्मसमर्पण की रही हो, उसे इसके आगे कुछ सूझ भी नहीं सकता-क्यों, ऐसा ही है न राहुल गांधी जी? राहुल गांधी द्वारा भारतीय सेना के अप्रतिम शौर्य एवं पराक्रम को आत्मसमर्पण कहकर संबोधित करना, न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि, भारतीय सेना और राष्ट्र के साथ-साथ 140 करोड़ भारतवासियों का भी घोर अपमान है। अगर कोई पाकिस्तानी भी ऐसा कहता तो, हम उस पर हंसते भी लेकिन, जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में तबाही मचाई, उसके बाद पाकिस्तान की जनता से लेकर उसकी सेना और उसके प्रधानमंत्री ने भी ऐसा कहने की हिम्मत नहीं की लेकिन, राहुल गांधी ऐसा बोल रहे हैं। यह देशद्रोह से कम नहीं है। भाजपा प्रवक्ता ने दिया यह जवाब भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी को ऑपरेशन सिंदूर को लेकर की गई टिप्पणी पर आड़े हाथों लिया है। भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने के बाद भी अपरिवक्वता पूर्ण बयान दे रहे हैं, कांग्रेस ने सेना का अपमान किया है, उन्होंने ऐसे शब्द कहे जो कि आतंकी हाफिज सईद भी नहीं कह सका है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि उन्होंने हमारी सेना के लिये सरेंडर जैसे शब्द का इस्तेमाल कर-के जवानों का अपमान किया है, सेना के शौर्य और सेना के अधिकारियों की सफलता को जिस तरह से बयां किया है, वह बताता है कि यह किस मानसिकता के हैं, यह रोगियों वाली मानसिकता है, राहुल गांधी को पाकिस्तान की मीडिया, संसद और डोजियर में नाम लाने के लिये लगे हुये हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों ने जो शब्द नहीं बोला है, वो इन्होंने बोला है।

सुधांशु त्रिवेदी ने राहुल गांधी का उल्लेख करते हुये कहा कि नया मुल्ला प्याज ज्यादा खाता है पर, इनको समझ ही नहीं आ रहा है कि वे देश पर सवाल उठा रहे हैं, उसके शौर्य और सफलता पर सवाल उठा रहे हैं, यह ओछी राजनीति का परिणाम है, उन्होंने भारत और उसकी सेना का सिर झुकाने का काम किया है। मसूद अजहर, हाफिज सईद, पाक की सेना ने जिस शब्द का प्रयोग नहीं किया, वो शब्द यह इस्तेमाल कर रहे हैं।

यूएस में चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया राहुल गांधी ने यूएस दौरे पर बोस्टन में भारत के लोकतंत्र और चुनाव आयोग को लेकर गंभीर सवाल उठाये थे। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या और मतदान प्रतिशत में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की का आरोप लगाते हुये चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा कर दिया था। राहुल गांधी ने कहा था कि आसान भाषा में कहें तो, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जितने युवा थे, उससे ज्यादा वोट डाले गये, यह एक सच्चाई है, हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े मिले थे लेकिन, 5:30 से 7:30 बजे के बीच, जब वोटिंग बंद हो जानी चाहिये थी, उस समय 65 लाख लोगों ने वोट डाला। राहुल गांधी ने कहा था कि अब सोचिए, यह शारीरिक रूप से मुमकिन ही नहीं है, क्योंकि एक व्यक्ति को वोट डालने में करीब 3 मिनट लगते हैं। अगर, हिसाब लगायें तो, इसका मतलब है कि रात 2 बजे तक लोग लाइन में लगे रहे और पूरी रात वोटिंग चलती रही, जो कि सच नहीं है, ऐसा हुआ ही नहीं। राहुल गांधी ने कहा था कि हमने चुनाव अधिकारियों से पूछा कि क्या वोटिंग की वीडियोग्राफी हो रही है, उन्होंने न सिर्फ मना कर दिया बल्कि, उन्होंने कानून भी बदल दिया, अब आप वोटिंग की वीडियोग्राफी की मांग भी नहीं कर सकते, हमारे लिये यह साफ था कि चुनाव आयोग ने अपनी निष्पक्षता से समझौता कर लिया है, सिस्टम में कुछ बहुत बड़ी गड़बड़ी है, यह बिल्कुल साफ दिख रहा है, हमने यह बात खुलकर कही है और मैंने खुद कई बार यह बात दोहराई है।

राहुल गांधी के आरोप पर चुनाव आयोग ने कहा था कि राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं के द्वारा लगाये जा रहे आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। महाराष्ट्र विधानसभा में 9 करोड़ से ज्यादा मतदाता थे लेकिन, महाराष्ट्र की मतदाता सूची में सुधार के लिये महज 89 अपील ही दी गईं, इनमें 89 को जिला निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर ही निपटा दिया गया, जबकि एक शिकायत बाद में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी तक पहुंची थी। सुनवाई के बाद उसका भी निपटारा कर दिया गया, ऐसे में चुनाव आयोग की तरफ से सवाल पूछा जा चुका है कि जब मतदान होने से काफी समय पहले ही तमाम राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को वोटर लिस्ट के बारे में पूरी जानकारी दे दी जाती है तो, आखिर तब गड़बड़ी के आरोप क्यों नहीं लगता, क्यों नतीजे सामने आने के बाद ही इस तरह के तथ्यों से परे आरोप लगाये जाते हैं।

चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत पर कह था कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं, क्योंकि जब तक मतदान चलता है तब तक राजनीतिक दल और उनके उम्मीदवारों के प्रतिनिधि मतदान स्थल पर मौजूद होते हैं और मतदान खत्म होने के बाद जब वह चुनाव आयोग द्वारा दिये गये फॉर्म पर हस्ताक्षर करते हैं, उसी के बाद ही ईवीएम को सील किया जाता है।

भारतीय लोकतंत्र को ब्रोकेन बताया

राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद अमेरिका के नेशनल प्रेस क्लब में कहा था कि भारत में लोकतंत्र पिछले 10 सालों से टूटा हुआ था, अब यह लड़ रहा है। असलियत में 10 साल बाद कांग्रेस को लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद मिल सका है, क्योंकि वह 99 सीटों पर पहुंच गई है, इसलिये अब तक राहुल गांधी को लोकतंत्र टूटा हुआ ही दिखाई दे रहा था।

# बेंगलुरु में व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे का बेनकाब होना

बढ़ते तापमान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ( आरसीबी ) की शानदार जीत के बाद आयोज्य जश्न के मातम, हाहाकार एवं दर्दनाक मंजर ने राज्य की सुरक्षा व्यवस्था की पोल ही नहीं खोली बल्कि सत्ता एवं खेल व्यवस्थाओं के अमानवीय चेहरे को भी बेनकाब किया है। आरसीबी विक्ट्री परेड के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास अचानक मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई जबकि 50 गंभीर रूप से घायल हुए हैं। भगदड़ में लोगों की जो दुखद मृत्यु हुई, यह राज्य प्रायोजित एवं प्रोत्साहित हत्या है। पुलिस का बंदोबस्त कहां था? चीख, पुकार और दर्द और क्रिकेट सितारों को देखने की दीवानगी एक ऐसा दर्दनाक एवं खौफनाक वाकया है जो सुदीर्घ काल तक पीड़ित और परेशान करेगा। प्रशासन की लापरवाही, अत्यधिक भीड़, निकासी मार्गों की कमी और अव्यवस्थित प्रबंधन ने इस त्रासदी को जन्म दिया। यह घटना कोई अपवाद नहीं है, बल्कि हाल के वर्षों में दुनिया भर में सामने आई ऐसी घटनाओं की कड़ी का नया खौफनाक मामला है, जहाँ भीड़ नियंत्रण में चूक एवं प्रशासन एवं सत्ता का जनता के प्रति उदासीनता का गंभीर परिणाम एवं त्रासदी का ज्वलंत उदाहरण है।



क्रिकेट की दुनिया के सबसे बड़े वार्षिक उत्सव इंडियन प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 18वें संस्करण में आईपीएल खिताब जीत लिया। इस कामयाबी से आईपीएल से विदाई ले रहे विराट कोहली के प्रति जन-उत्साह उमड़ा। लेकिन इस जीत के जश्न की चमक में प्रशंसकों की चीखें एवं आहें का होना और उसे खिलाडियों एवं राजनेताओं द्वारा नजरअंदाज करना, अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा है। दुर्घटना होने एवं आम लोगों की मौतें हो जाने के बावजूद जश्न जारी रहना, दुखद एवं शर्मनाक है। प्रशंसकों की अहमियत को कमतर आंकने के इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम ने न केवल राजनेताओं को बल्कि खिलाड़ियों को भी दागी किया है। घटना ने एक बार फिर हमारे अवैज्ञानिक व लाठी भांजने वाले भीड़ प्रबंधन की ही पोल खोली है। इस जीत के जश्न में हिस्सा लेने आई भीड़ का एक लाख तक होने का अनुमान था। लेकिन लंबे अंतराल के बाद मिली जीत ने लोगों के उत्साह को इस स्तर तक पहुंचा दिया कि स्टेडियम के आसपास तीन लाख से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई। खुद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया का मौत की खबरें मिलने के बावजूद खिलाडियों के साथ जश्न मनाने में जुटा रहना उनकी प्रचार भूख का भौंडा उदाहरण है। जब मौत के बाद वहां पसरा मातम देखकर सब स्तब्ध थे तो सिद्धारमैया क्यों अपने पद की गरिमा एवं जिम्मेदारी को धूमिल कर रहे थे? सोचिए लोगों की मौत के बाद अगर एक मिनट भी जश्न मना, तालियां बजीं, ठहाके लगे, लाइंग किस दिए गए तो इससे ज्यादा अमानवीयता और निर्दयता क्या हो सकती है? जब खुद सरकार एक जश्न का मातम में बदलने का नेतृत्व करेगी तो आम लोगों का कांप उठना स्वाभाविक है।

बहरहाल, आईपीएल का आयोजन लगातार नई ऊंचाइयों को छूता हुआ व्यावसायिक क्रिकेट को नई ऊंचाइयां देने में जरूर सफल रहा है। फटाफट क्रिकेट के दुनिया के सबसे बड़े उत्सव में भारत के दो सर्वकालिक महान खिलाड़ियों विराट कोहली व एमएस धोनी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी थी। अंततः विराट कोहली का आईपीएल खिताब जीतने का लंबा इंतजार इस जीत के साथ खत्म हुआ। लेकिन धोनी पांच बार की विजेता चेन्नई सुपरकिंग को जीत का खिताब दिलाने से चूक गए। एक तरह से आईपीएल क्रिकेट से कोहली की यह शानदार विदाई साबित हुई। वे इस गरिमामय विदाई के हकदार भी थे। उनके करोड़ों प्रशंसकों की कतारे देख कर राजनेता भी उनकी साथ मंच सांझा करने को उत्सुक दिखे, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, अन्य मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी भी इसी फिराक में अपनी जिम्मेदारियों को भूल जश्न मनाते रहे और आमजनता अव्यवस्थाओं के कारण मौत में समाती रही। यह ऐसी दुखद घटना है जो अपनी निर्दयता एवं क्रूरता के लिये लम्बे समय तक कौंधती रहेगी। सिद्धारमैया के इस घटना की तुलना प्रयागराज कुंभ में हुए हादसे के करना उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रही है। भारत में भीड़ से जुड़े हादसे अनेक आम लोगों के जीवन का ग्रास बनते रहे हैं। धार्मिक आयोजनों हो या खेल प्रतियोगिता, राजनीतिक रैली हो या सांस्कृतिक उत्सव लाखों लोगों को आकर्षित करते हैं, जहाँ भीड़ प्रबंधन की मामूली चूक भयावह त्रासदी में बदलते हुए देखी जाती रही है। उदाहरण के लिये, वर्ष 2022 में दक्षिण कोरिया के इटावन हैलोवीन समारोह में अत्यधिक भीड़ के कारण 150 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। इसी तरह, वर्ष 2015 में मक्का में हज के दौरान मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई थी। वर्ष 2013 में मध्य प्रदेश के रत्नागढ़ मंदिर में ढाँचागत कमियों से प्रेरित भगदड़ के कारण 115 लोगों की मौत हो गई थी। हालही में महाकुंभ के दौरान नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन एवं प्रयागराज में हुए हादसे में भी अनेकों लोगों की जान गयी। आग, भूकंप, या आतंकी हमलों जैसी आपातकालीन स्थितियाँ में भी भीड़ प्रबंधन की पौल खुलती रही है। आखिर दुनिया के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश में हम भीड़ प्रबंधन को लेकर इतने उदासीन क्यों है? बड़े आयोजनों-भीड़ के आयोजनों में भीड़ बाधाओं को दूर करने के लिए, भीड़ प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार, सुरक्षाकर्मियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना।

# संपादकीय

## सोवियत रूस की राह चला अमेरिका...

अमेरिका का आर्थिक संकट दिनों दिन गहराता ही जा रहा है। अमेरिका के ऊपर 36 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का कर्ज हो चुका है जो अमेरिका की जीडीपी के मुकाबले 122 फीसदी को पार करने जा रहा है। दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप ने अपने अहंकार के चलते सारी दुनिया को जीतने और सारी दुनिया को अपनी मुट्ठी में कैद करने के लिए जो टैरिफ बार शुरू किया था उस टैरिफ बार मकड़ जाल में वह स्वयं फंसकर रह गए हैं। कैसे बाहर निकलेंगे उन्हें पता नहीं टेस्ला कंपनी के एलन मस्क ने अरबों रुपए खर्च करके डोनाल्ड ट्रंप को चुनाव जितवाने में मदद की थी वही डोनाल्ड ट्रंप अब एलन मस्क से इतने नाराज हैं। उसकी मदद करना तो दूर जो सब्सिडी उसे अभी तक मिल रही थी उसे भी बंद करने जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप को कोई आदमी उनका विरोध करें यह उन्हें जरा भी पसंद नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अहंकार के मद में चूर हैं। कर्ज पर कर्ज लेते चले जा रहे हैं। सारी दुनिया के देश को धमका रहे हैं। उन्हें ऐसा लगता था कि अमेरिका के बिना दुनिया का कोई भी काम या दुनिया का कोई भी व्यापार संभव नहीं होगा लेकिन उसके इस अहंकार पर चीन ने सबसे ज्यादा चोट की है। चीन के सामने अमेरिका घिगयाने के लिए विवश हुआ है। चीन के जवाबी हमले ने ट्रंप के सारे कस और बल को निकाल दिया है। दुनिया में ट्रंप अब कमजोर राष्ट्रपति के रूप में देखे जा रहे हैं। जिस तरह से अमेरिका में महंगाई और मंडी बढ़ती चली जा रही है। 2025 की विकास दर 2.0 से घटकर 1.4 फीसदी होने की उम्मीद जताई जा रही है। अमेरिका में कर्ज और उसके ब्याज का बोझ जिस तरह कैसे बढ़ रहा है। इस पर अंकुश लगाने की स्थान पर जो तुगलकी फरमान डोनाल्ड ट्रंप जारी कर रहे हैं। उसको देखते हुए अब सारे विश्व में यह कहा जाने लगा है। जिस तरह से सोवियत रूस का विघटन 1990 के दशक में हुआ था लगभग वही हालत 2025 में अमेरिका की देखने को मिलने लगी है। जिस तरह से एक-एक करके राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप विशेषज्ञों के साथ अपनी दुनिया बना रहे हैं। ऐसी स्थिति में जो गड्ढा वह दूसरों के लिए खोद रहे थे अब उसी गड्ढे में वह स्वयं गिरते चले जा रहे हैं। यह धारणा सारी दुनिया के देशों में बनने लगी है। अमेरिका के व्हाइट हाउस में जिस तरह से दूसरे देशों के राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रंप को खरी खरी सुनाकर चले जाते हैं और अमेरिका उनका कुछ नहीं कर पाता है। अमेरिका के बढ़ते कर्ज पर जिस तरीके से शेयर बाजार वालस्ट्रीट और अन्य आर्थिक विशेषज्ञ अमेरिका के लिए कर्ज को खतरे की घंटी बता रहे हैं। यदि इस पर तुरंत अंकुश नहीं लगाया गया तो कभी भी अमेरिका में एक ऐसी स्थिति खड़ी हो सकती है। इसके बारे में अमेरिका ने कल्पना भी नहीं की थी अमेरिका एक संघीय देश है। राज्यों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उनको अनदेखा करते हुए जिस तरह की दादागिरी कर रहे हैं। उसके बाद यह बार-बार कहा जाने लगा है की जो सोवियत रूस का हुआ था यदि वही अमेरिका के साथ हो जाए तो किसी को आश्चर्य नहीं करना चाहिए 100 वर्ष के इतिहास में अमेरिका सबसे ज्यादा मुसीबत के दौर से गुजर रहा है। डोनाल्ड ट्रंप इस स्थिति में सबसे खतरनाक व्यक्ति साबित हो रहे हैं। अमेरिका यदि कमजोर होता है तो वैश्विक स्तर पर अराजकता बढ़ेगी सारी दुनिया में अशांति होगी सारी दुनिया आर्थिक मंदी की चपेट में आ सकती है। इस आसन का को लेकर सारी दुनिया के देशों में एक बड़ी चिंता देखी जा रही है। भारत भी इस चिंता से दूर नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में जो तनाव बना है। इसका लाभ चीन और भारत के पड़ोसी देश उठा रहे हैं।

## आस्था...

### महिलाओं को पीरियड्स में गंगा स्नान करना चाहिए या नहीं? ....

गंगा नदी को हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना गया है। ऐसा माना जाता है कि गंगा में एक बार डुबकी लगाने से अनजाने पाप भी धुल जाते हैं और आत्मा को शुद्धि मिलती है। लेकिन शास्त्रों में गंगा स्नान को लेकर कुछ नियम बताए गए हैं, जिन्हें जानना हर भक्त के लिए जरूरी है, खासकर महिलाओं के लिए। दरअसल, महिलाओं के लिए कुछ दिन ऐसे होते हैं जब उन्हें गंगा स्नान करने की मनाही होती है। कई बार ऐसा होता है कि महिलाएं किसी पवित्र स्थल या गंगा स्नान के लिए जा रही होती हैं तो उन्हें अचानक से मासिक धर्म आ जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ऐसे में उन्हें क्या करना चाहिए? तो चलिए जानते हैं कि किन परिस्थितियों में महिलाओं को गंगा स्नान नहीं करना चाहिए और पीरियड्स जैसे विशेष हालातों में क्या करना चाहिए। पीरियड्स में गंगा स्नान करना सही है या नहीं ? शास्त्रों के अनुसार मासिक धर्म यानी पीरियड्स के दौरान महिलाओं को किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने की मनाही है। इस समय महिला का शरीर शुद्ध नहीं माना जाता, इसलिए गंगा जैसे पवित्र स्थान पर स्नान करना धार्मिक दृष्टिकोण से उचित नहीं माना गया है। साथ ही यह स्वास्थ्य के लिहाज से भी ठीक नहीं है क्योंकि नदी का पानी ठंडा होता है, जो इस दौरान शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। शास्त्रों के अनुसार, इस दौरान महिलाएं मानसिक रूप से स्नान कर सकती हैं। यानी आंखें बंद कर श्रद्धा और विश्वास के साथ मन में गंगा स्नान की भावना करें। ऐसा करने से भी उन्हें आध्यात्मिक पुण्य फल की प्राप्ति होती है। अपराजिता का पौधा लगाने का सही तरीका, सिर्फ इस दिशा में रखने से घर में हो सकती है पैसों की बारिश सूर्यास्त के बाद नहीं करना चाहिए स्नान गंगा या किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने का सबसे उत्तम समय ब्रह्म मुहूर्त यानी सुबह 4 से 6 बजे के बीच का होता है। सूर्यास्त के बाद स्नान करना वर्जित माना गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि सूर्यास्त के बाद स्नान करने से देवता नाराज हो सकते हैं और इसका पुण्य फल नहीं मिलता है। यह नियम स्त्री और पुरुष दोनों के लिए होता है।बुद्धि के दाता बुध बनाएंगे डबल राजयोग, इन राशियों के शुरू हो सकते हैं अच्छे दिन, तरक्की के साथ धन लाभ के योग केवल इतने मिनट रहता है वो शुभ समय , जब सच हो सकती है आपकी बोली गई हर बात, जानिए कब जुबान पर बैठती हैं मां सरस्वती ऊपर से कैसा दिखता है।

## आज का राशिफल

### मेषः चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ ।

**मेषः** सेहत से जुड़ी समस्याएँ आपके लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं। जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है। वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा। अपनी नई परियोजनाओं के लिए अपने माता-पिता को विश्वास में लेने का सही समय है। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन के लिए विशेष दिन है। अपने जीवनसाथी को बताएँ कि आप उनसे कितना प्यार करते हैं।

### वृषभ : उ, ई, ऐ, ओ, बा, बी, बे, बो ।

**वृषभः** रचनात्मक काम आपको सुकून देगा। वैसे तो अपना पैसा दूसरे को देना किसी को पसंद नहीं आता लेकिन आज आप किसी जरुरतमंद को पैसा देकर सुकून का अनुभव करेंगे। ऐसा कोई जिसे आप जानते हैं, आर्थिक मामलों को जरूरत से ज्यादा गंभीरता से लेगा और घर में थोड़ा-बहुत तनाव भी पैदा होगा। अटके कामों के बावजूद रोमांस और बाहर घूमना-फिरना आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा। खाली समय में आज आप अपने मोबाइल पर कोई वेब सीरीज देख सकते हैं। अपने जीवनसाथी के चलते आप महसूस करेंगे कि स्वर्ग धरती पर ही है।

### मिथुनः क, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा ।

**मिथुनः** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं। खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है। पैसों की कमी आज घर में कलह की वजह बन सकती है, ऐसी स्थिति में अपने घर के लोगों से सोच-समझकर बात करें और उनसे सलाह लें। अपने परिवार के सदस्यों की जरूरतों पर ध्यान देना आज आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। लवमेट आज आपसे किसी चीज की डिमांड कर सकता है।

### कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ।

**कर्कः** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है। आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। यह बात भली भांति समझ लें कि दुख की घड़ी में आपका संचित धन ही आपके काम आएगा इसलिए आज के दिन अपने धन का संचय करने का विचार बनाएं। कोई ऐसा रिश्तेदार जो बहुत दूर रहता है, आज आपसे संपर्क कर सकता है। प्रेम जीवन की डोर को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं तो किसी तीसरे की बातों को सुनकर अपने प्रेमी के बारे में कोई भी राय न बनाएं। अगर आज आप यात्रा कर रहे हैं तो आपको अपने सामान की अतिरिक्त सुरक्षा करने की जरूरत है।

### सिहंः मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे ।

**सिंहः** धार्मिक भावनाओं के चलते आप किसी तीर्थस्थल की यात्रा करेंगे और किसी संत से कुछ दैवीय ज्ञान प्राप्त करेंगे। आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है। शाम के समय अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या फिल्म देखना आपको सुकून देगा और खुशमिजाज बनाए रखेगा। अपने प्रिय के साथ आज अच्छी तरह बर्ताव करें। दिल के करीबी लोगों के साथ आपका वक्त बिताने का मन करेगा लेकिन आप ऐसा कर पाने में सक्षम नहीं हो पाएंगे। जीवनसाथी की खराब सेहत के चलते आप चिंताग्रस्त हो सकते हैं।

### कन्याः टो, पा, पी,पू, ष, ण, ठ, पे, पो।

**कन्याः** व्यस्त दिनचर्या के बावजूद स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। जिसके साथ आप रहते हैं, उससे वाद-विवाद करने से बचें। यदि कोई समस्या है, तो उसे शान्ति से बातचीत करके सुलझाएँ। आप जहाँ हैं वहीं रहेंगे, बावजूद इसके प्यार आपको एक नए और अनोखे लोक में ले जाएगा। साथ ही आज आप रोमानी सफर पर भी जा सकते हैं। आज पूरे दिन आप खाली रह सकते हैं और टीवी पर कई फिल्में और प्रोग्राम देख सकते हैं। आपके और आपके जीवन साथी के बीच विश्वास की कमी रह सकती है।

### तुलाः रा, री, रू, रे, ता, ती, तू, ते ।

**तुलाः** सेहत बढ़िया रहेगी। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। अपने दिन की योजना सावधानी से तय करें। ऐसे लोगों से बात करें, जो आपकी मदद कर सकते हैं। अपने रोमांटिक खयालों को हर किसी को बताने से बचें। जिन लोगों के घर वाले शिकायत करते हैं कि वो घरवालों को पर्याप्त समय नहीं देते वो आज घरवालों को समय देने के बारे में सोच सकते हैं लेकिन ऐन वक्त पर किसी काम के आने की वजह से ऐसा नहीं हो पाएगा। अगर आप जीवनसाथी के अलावा किसी और को अपने ऊपर असर डालने का मौका दे रहे हैं।

### वृश्चिकः तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू ।

**वृश्चिकः** बाहर का और खुला खाना खाते वक़्त खास तौर पर बचाव पर ध्यान देने की जरूरत है। हालाँकि बिना वजह तनाव न लें, क्योंकि यह आपको मानसिक कष्ट दे सकता है। आज के दिन आपको धन लाभ होने की पूरी संभावना है लेकिन इसके साथ ही आपको दान-पुण्य भी करना चाहिए क्योंकि इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। परिवार के सदस्यों का आपके जीवन में विशेष महत्व होगा। प्यार में थोड़ी निराशा आपको हतोत्साहित नहीं कर सकेगी। बेवजह की उलझनों से दूर होकर आज आप किसी मंदिर, गुरुद्वारे या किसी भी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिता सकते हैं।

### धनु : ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे ।

**धनुः** आज का दिन ऐसे काम करने के लिए बेहतरीन है, जिन्हें करके आप खुद के बारे में अच्छा महसूस करते हैं। अगर आपका धन से जुड़ा कोई मामला कोर्ट-कचहरी में अटका था तो आज उसमें आपको विजय मिल सकती है और आपको धन लाभ हो सकता है। जब निवेश करने का सवाल आपके सामने हो, तो स्वतन्त्र बनें और अपने फैसले खुद लें। आप के दिल की धड़कनें आपके प्रिय के साथ कुछ ऐसे चलेंगी कि आज जीवन में प्यार का संगीत बज उठेगा। आज धार्मिक कामों में आप अपना खाली समय बिताने का विचार बना सकते हैं।

### मकरः भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी ।

**मकरः** आज के दिन आप काम को अलग रखकर थोड़ा आराम करें और कुछ ऐसा करें जिसमें आपकी दिलचस्पी हो। कुछ खरीदने से पहले उन चीजों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं। पारिवारिक सदस्य या जीवन-साथी तनाव की वजह बन सकते हैं। अपने प्रिय के साथ आज अच्छी तरह बर्ताव करें। जीवन का आनंद लेने के लिए आपको अपने दोस्तों को भी समय देना चाहिए। अगर आप समाज से कटकर रहेंगे तो आवश्यकता पड़ने पर आपके साथ भी कोई नहीं होगा। आप अपने जीवनसाथी को समझने में आपसे गलती हो सकती है।

### कुंभः गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा ।

**कुंभः** आपकी सकारात्मक सोच पुरस्कृत होगी, क्योंकि आप अपनी कोशिशों में कामयाबी पा सकते हैं। खर्चों में इजाफा होगा, लेकिन साथ ही आमदनी में हुई बढ़ोत्तरी इसको संतुलित कर देगी। सही समय पर आपकी सहायता किसी को बड़ी परेशानी से बचा सकती है। आपका प्यार न सिर्फ. परवान चढ़ेगा, बल्कि नई ऊँचाइयों को भी छूएगा। दिन की शुरूआत प्रिय की मुस्कान से होगी और रात उसके सपनों में ढलेगी।

### मीनः दी, दू, थ, झ, दे, दो, चा, ची ।

**मीनः** सेहत से जुड़ी समस्याएँ आपके लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं। जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है। वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा। अपनी नई परियोजनाओं के लिए अपने माता-पिता को विश्वास में लेने का सही समय है। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें। आज खाली वक्त का सही उपयोग करने के लिए आप अपने पुराने मित्रों से मिलने का प्लान बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन के लिए विशेष दिन है। अपने जीवनसाथी को बताएँ कि आप उनसे कितना प्यार करते हैं।



# जर्मनी में विदेशी छात्रों को मिलती है कम कीमत में क्वालिटी एजुकेशन

**दुनिया भर से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों के लिए जर्मनी एक खुली और रंगबिरंगी सोसायटी है। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए जर्मनी पहले ही हॉट स्पॉट बन चुका है और इसमें लगातार तेजी देखने को मिल रही है। जर्मनी में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़कर 3.60 लाख पहुंच चुकी है यानी प्रत्येक सेमेस्टर में एक चौथाई छात्र विदेशी हैं।**

दुनिया भर से पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों के लिए जर्मनी एक खुली और रंगबिरंगी सोसायटी है। अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए जर्मनी पहले ही हॉट स्पॉट बन चुका है और इसमें लगातार तेजी देखने को मिल रही है। जर्मनी में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़कर 3.60 लाख पहुंच चुकी है यानी प्रत्येक सेमेस्टर में एक चौथाई छात्र विदेशी हैं।

जर्मनी में क्यों करें पढ़ाई

जर्मनी में पढ़ाई करने के कई कारण हैं जिसमें प्रमुख है शिक्षा की बेहतरीन गुणवत्ता, ट्यूशन फीस में छूट, शानदार करियर के मौके, इंगलिश में पढ़ाए जाने वाले इंटरनैशनल डिग्री प्रोग्राम आदि शामिल हैं। जर्मनी की यूनिवर्सिटिज की दुनिया में काफी प्रतिष्ठा है। टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जर्मनी की 47 यूनिवर्सिटिज दुनिया की सबसे अच्छी यूनिवर्सिटिज में शामिल हैं। आप इस बात पर विश्वास करें या नहीं लेकिन यह सच है कि जर्मनी की कई यूनिवर्सिटिज ट्यूशन फीस नहीं लेती हैं और यह बात विदेशी छात्रों पर भी लागू होती है। इसके अलावा यहां छात्रों के पास स्कॉलरशिप प्राप्त करने के भी कई मौके होते हैं खासतौर से जर्न अकेडमिक एक्सचेंज सर्विस के जरिए। इसके भारत में कई ऑफिस हैं जो भारतीय छात्रों को उनकी जरुरत के हिसाब से कोर्स मुहैया कराती है।

भाषा

जर्मनी में विदेशी छात्र करीब 2 हजार ऐसे कोर्सेस में से अपनी पसंद का कोर्स चुन सकते हैं जिनकी पढ़ाई अंग्रेजी में कराई जाती है। इसलिए यहां जर्मन भाषा की समझ जरूरी नहीं है। हालांकि जर्मन भाषा को सीखना आगे आपके ही काम आएगा।

आइडिया का देश

जर्मनी शुरू से ही अविष्कारों का देश रहा है यहां प्रिंटिंग प्रेस से लेकर ऑटोमोबाइल और एमपी 3 फॉर्मेट का अविष्कार हुआ है। अभी तक करीब 80 जर्मन वैज्ञानिकों को नोबेल पुरस्कार मिल चुका है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फॉरम की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी सबसे इनोवेटिव देश है। इसमें जर्मनी की यूनिवर्सिटिज अहम रोल निभाती है क्योंकि यहां रिसर्च काफी मजबूत है।

किसी जर्मन यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन करने के बाद छात्र 18 महीने जर्मनी मे नौकरी ढूंढने के लिए रूक सकते हैं। जर्मनी इंडस्ट्रीयल इनोवेशन और मैनुफैक्चरिंग में वर्ल्ड लीडर है इसलिए यहां हर समय इंजिनियर्स की कमी रहती है। इसके अलावा यहां कई ऐसे शहर हैं जहां होली और दिवाली जैसे त्योहार मनाए जाते हैं जिसके कारण यह भारतीयों के लिए बेहतरीन डेस्टिनेशन है।



# ये 5 वॉटर कोर्स दिलाएंगे विदेश जाने का मौका

**अगर आप विदेश जाकर करियर बनाना चाहते हैं तो आपके लिए जरूरी आर्टिकल है। यहां पर हम यहां पर टॉप-5 वॉटर डिप्लोमैसी और डेवलपमेंट कोर्सेज के बारे में बता रहे हैं, जिनमें आप बेहतरी करियर बना सकते हैं। साथ ही लाखों-करोड़ों रुपये की कमाई भी कर सकते हैं।**



पानी की कमी और खराब गुणवत्ता जैसी समस्याएं आज पूरी दुनिया में देखी जा रही हैं। सबसे बड़ी बात ये समस्याएं किसी एक देश की सीमाओं में नहीं सिमटी हैं। ऐसे में वैश्विक जल प्रबंधन के मुद्दों को सुलझाने के लिए कुशल रणनीतिकारों और विकास विशेषज्ञों की ज़रूरत है। दुनिया भर में कई देश अपने जल संसाधनों का प्रबंधन टिकाऊ तरीके से करने की चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए ऐसे लोगों की ज़रूरत है जिनके पास सही विशेषज्ञता और व्यावहारिक ज्ञान दोनों का मिश्रण हो।

## क्रॉस कल्चरल कम्यूनिकेशन स्किल

वैश्विक स्तर पर टिकाऊ जल कूटनीति के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद स्थापित करना और वैश्विक भाषाई परिवेश में काम करना सीखना है। पेशेवर कूटनीतिज्ञों को कूटनीतिक वार्ता, हितधारकों को जोड़ने और नीतिगत पैरवी करते समय सावधानी और खुले दिमाग का परिचय देना चाहिए।

## तकनीकी विशेषज्ञता

जल विज्ञान, जल प्रबंधन सिद्धांतों और पर्यावरण विज्ञान में मजबूत आधार होना इस पेशे की नींव है। जल मॉडलिंग, जीआईएस और डेटा विश्लेषण में विशेषज्ञता आमतौर पर हायर करने वाले ढूंढते हैं।

## नीति विश्लेषण और विकास

जल क्षेत्र का मूल जल नीतियों का विश्लेषण

## कोर्सेज एंड ट्रेनिंग, वाटर डिप्लोमेसी एंड गवर्नेंस

अंतर्राष्ट्रीय जल कानून, सीमा पार जल प्रबंधन और कूटनीति पर बल देने वाले पाठ्यक्रम छात्रों को साझा जल संसाधनों के प्रबंधन में शामिल जटिल मुद्दों की बुनियादी समझ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं।

## पर्यावरण नीति और रेगुलेशन

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ जल संसाधनों के लिए नियामक व्यवस्थाओं की जानकारी होना उचित कानून और रणनीतियां

करना, उनके लागू करने के परिणामों का अध्ययन करना और बेहतर, टिकाऊ जल संसाधन प्रबंधन रणनीतियों के विकास में शामिल होना है।

## वार्ता और समाधान

जल पेशेवरों में कूटनीतिक स्किल मजबूत होनी चाहिए और उन्हें विवादों का समाधान करने में सक्षम होना चाहिए ताकि पानी तनाव और संघर्ष का कारण न बने।

बनाने के लिए ज़रूरी है।

## परियोजना प्रबंधन

बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सफलतापूर्वक चलाने के लिए नेतृत्व क्षमता, बजट बनाने का कौशल, सहयोग और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों वाली टीम वर्क की आवश्यकता होती है।

## जल विज्ञान और जल प्रबंधन

ऐसे तकनीकी पाठ्यक्रम मौजूद हैं जो जल विज्ञान मॉडलिंग, जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन और एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन जैसे विषयों पर पढ़ाते हैं। ये पाठ्यक्रम जल संसाधनों के टिकाऊ उपयोग के लिए व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करते हैं।

## अंतर-सांस्कृतिक संचार और वार्ता

इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर-सांस्कृतिक संचार और वार्ता कौशल पर केंद्रित होते हैं, जो वैश्विक जल क्षेत्र में विभिन्न हितधारकों के साथ सफलतापूर्वक बातचीत करने की क्षमता प्रदान करते हैं।

## पेशेवर विकास कार्यक्रम

संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और क्षेत्रीय विकास बैंक जैसे संगठन अक्सर जल संसाधन प्रबंधन और अंतर्राष्ट्रीय विकास के क्षेत्र में काम करने वाले व्यक्तियों के लिए पेशेवर विकास कार्यक्रम और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करते हैं।





# ये हैं देश की सबसे महंगी डिग्रियां, जानिए एवरेज फीस

**समय के साथ देश में शिक्षा भी महंगी हो गई है। शायद यही वजह है कि अब कुछ डिग्रियों को प्राप्त करने के लिए युवाओं को ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। हालांकि, सरकारी कॉलेजों में फीस फिर भी कम है। लेकिन प्राइवेट कॉलेजों कई कोर्सेज के फीस बहुत ही ज्यादा है। ऐसे में आइए हम आपको बताते हैं देश की सबसे महंगी डिग्रियों के बारे में**

भारत में मेडिकल, इंजीनियरिंग सहित कई कोर्स संचालित किए जाते हैं। कई कोर्स ऐसे होते हैं जिन्हें करने के बाद बढ़िया सैलरी भी मिलती है। हालांकि, ये डिग्रीयां महंगी भी होती हैं। ऐसे में आइए हम आपको बता दें कि देश की सबसे महंगी डिग्रियों के बारे में?

## मेडिसिन

मेडिसिन की डिग्री भारत में महंगी डिग्री में एक है। मेडिसिन की पढ़ाई सरकारी कॉलेजों में सस्ती होती है। लेकिन अगर प्राइवेट कॉलेजों की बात करें तो मेडिसिन की डिग्री के लिए 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक खर्च करना पड़ सकता है।

## इंजीनियरिंग डिग्री

भारत में इंजीनियरिंग डिग्री के लिए सरकारी स्कूलों में फीस एक वर्ष की 2 लाख रुपये तक है। लेकिन प्राइवेट कॉलेजों की बात करें तो इंजीनियरिंग के लिए 10 लाख रुपये या फिर उससे ज्यादा तक की फीस एक वर्ष के लिए देना पड़ सकता है।

## बिजनेस डिग्री

बिजनेस मैनेजमेंट सहित अन्य कोर्सेज के लिए आईआईएम सहित अन्य सरकारी कॉलेजों को छोड़कर स्टूडेंट्स 20 से 25 लाख रुपये तक खर्च करना पड़ सकता है। हालांकि, प्राइवेट इंस्टीट्यूट में स्टूडेंट्स को कई तरह की स्कॉलरशिप भी दी जाती है।

## लॉ कोर्सेज

लॉग की डिग्री लेने के लिए प्राइवेट कॉलेजों में स्टूडेंट्स को कुल 10 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। बदलते दौर के साथ लॉ के क्षेत्र में करियर ऑप्शन भी बढ़ गए हैं। जिसके चलते बड़ी संख्या में हर वर्ष स्टूडेंट्स लॉ की पढ़ाई करते हैं। यही वजह है कि कई प्राइवेट कॉलेजों की तरफ से फीस भी बढ़ा दी गई है।

## एविएशन

एविएशन की डिग्री भी देश की महंगी डिग्रियों में एक है। एविएशन की पढ़ाई के लिए स्टूडेंट्स को 5 लाख रुपये से 15-20 लाख रुपये की फीस एक वर्ष की देनी पड़ सकती हैं। हालांकि, एविएशन की पढ़ाई के बाद स्टूडेंट्स को बढ़िया सैलरी भी मिलती हैं।

## डिजाइन

डिजाइन कोर्सेज की गिनती भी महंगी डिग्रियों में होती है। देश के कई संस्थानों से डिजाइन कोर्सेज को करने के लिए स्टूडेंट्स को 10 से लाख रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। हालांकि, डिजाइन कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स को बढ़िया सैलरी भी मिलती है।



# फूड स्टार्टअप्स में ऐसे बनाएं करियर



**बदलते जमाने के साथ लोग परंपरागत कोर्सेज से हटकर कुछ ऐसे नए कोर्स कर रहे हैं, जिससे वे न सिर्फ पैसा कमा कर रहे हैं, बल्कि अपना सपना भी पूरा कर रहे हैं। इन्हीं फील्ड में फूड स्टार्टअप भी नया विकल्प बनकर उभरा है। जिसमें आप बेहतर करियर बना सकते हैं।**

खाने की दुनिया लगातार बदल रही है और इस बदलाव में सबसे आगे चल रहे हैं फूड आंत्रप्रेन्योर्स। ये नई पीढ़ी के बिजनेस करने वाले लोग परंपरागत रेस्टोरेंट के तरीकों को तोड़ रहे हैं। ये ना सिर्फ खाने के बारे में हमारे नजरिए को बदल रहे हैं, बल्कि खाने से जुड़े स्टार्टअप्स में रोजगार के नए मौके भी पैदा कर रहे हैं। अगर आप भी इस रोमांचक फील्ड में करियर बनाने की सोच रहे हैं, तो सबसे पहले ये जानना ज़रूरी है कि फूड बिजनेस से जुड़े कौन-कौन से कोर्स हैं, करियर के कौन से विकल्प मौजूद हैं और आपको किन खासियतों की ज़रूरत होगी।

## पाठ्यक्रम और शिक्षा

अच्छा खाना पकाने की शिक्षा के बिना ज्यादातर फूड एंटरप्रेन्योर्स अपना सपना पूरा नहीं कर पाते। वैसे तो कुकिंग स्कूल क्लासिकल और प्रैक्टिकल तरीके से खाना बनाना सिखाने के साथ-साथ किचन मैनेजमेंट भी सिखाते हैं, लेकिन फूड एंटरप्रेन्योरशिप कोर्स रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बिजनेस चलाने के बारे में पूरी जानकारी देते हैं। इन कार्यक्रमों में खासतौर पर फूड प्रोडक्ट डेवलपमेंट, मार्केटिंग और फाइनेंशियल मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में जानकारी दी जाती है। इससे भविष्य के फूड एंटरप्रेन्योर्स को बिजनेस में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी स्किल्स हासिल हो जाते हैं।

## फूड स्टार्टअप्स में करियर विकल्प

**शेफप्रेन्योर**

जो लोग खाने के क्षेत्र में नयापन लाना चाहते हैं, उनके लिए शेफप्रेन्योर बनना एक बेहतरीन विकल्प है। ये क्रिएटिव फूड प्रोडक्ट डेवलपर होते हैं, जो अपने पाक कला के हुनर से ऐसे प्रोडक्ट्स बनाते हैं, जिनका स्वाद ग्राहकों के ज़हन में बस जाता है और उनकी ब्रांड प्रतियोगिता में अलग पहचान बनाती है।

**फूड टेक्नोलॉजिस्ट**

फूड टेक्नोलॉजिस्ट वो प्रोफेशनल्स होते हैं, जो खाने के सामान बनाने और उनकी खासियतों को बनाए रखने में माहिर होते हैं। फूड साइंस और टेक्नोलॉजी के ज्ञान का इस्तेमाल करते हुए ये प्रोडक्ट की क्वालिटी, सुरक्षा और शेल्फ लाइफ सुनिश्चित करते हैं, साथ ही नए प्रोडक्ट बनाने और मौजूदा प्रोडक्ट्स को बेहतर बनाने के अवसर तलाशते हैं।

**मार्केटिंग और ब्रांडिंग स्पेशलिस्ट**

फूड स्टार्टअप बाजार में सफलता के लिए अच्छी मार्केटिंग और ब्रांडिंग बहुत जरूरी है। मार्केटिंग प्रोफेशनल्स सोशल मीडिया, इनफ्लुएंसर कोलैबोरेशन और एक्सपीरियंसल मार्केटिंग कैम्पेन्स जैसे अलग-अलग मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए ब्रांड रिकॉल, लॉयल्टी और डिमांड पैदा करने के लिए अपने क्रिएटिव स्किल्स और रणनीतिक सोच का इस्तेमाल करते हैं।

**सप्लाई चेन और ऑपरेशन्स मैनेजर**

फूड स्टार्टअप की सफलता के लिए किसी भी काम की तरह सप्लाई चेन का सुचारू रूप से चलना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सप्लाई चेन और ऑपरेशन्स मैनेजर सामान मंगवाने, प्रोडक्शन प्रोसेस को लागू करने और लॉजिस्टिक सपोर्ट का समन्वय करते हैं, जिससे पूरी सप्लाई चेन एक कुशल और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से चलती है।

# दिल्ली को करोड़ों की सौगात, जाम और प्रदूषण से भी मिलेगी मुक्ति

## दिल्ली के उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ बैठक की। बैठक में दिल्ली में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें राजधानी में वाहनों की भीड़भाड़ को कम करने और प्रदूषण से बचाने के लिए केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को करोड़ों रुपये की सौगात दी है। इस बैठक में परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब वर्मा, पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह के साथ-साथ दिल्ली भाजपा के सांसदों ने हिस्सा लिया। दिल्ली सरकार के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन करते हुए कहा कि दिल्लीवालों को डबल इंजन सरकार का लाभ मिला रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा 35,000 करोड़ रुपये की लागत से कई परियोजनाएं दिल्ली में कार्यान्वित की जा रही हैं। इससे पहले 64,000 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न प्रोजेक्ट पूरे किए जा चुके हैं। साथ ही 24,000 करोड़




रुपये की लागत से शुरू होने वाले आगामी प्रोजेक्ट्स की डीपीआर भी तैयार हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली में वाहनों की भीड़ को कम करने (डीकंजेस्ट) करने और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं। इनमें शिव मूर्ति से नेल्सन मंडेला रोड तक लगभग सात किलोमीटर लंबी अंडरग्राउंड टनल का निर्माण, आईएनए से एयरपोर्ट तक एलिवेटेड रोड, जो आगे फरीदाबाद और गुरुग्राम को जोड़ेगा। इस पर भी एलिवेटेड रोड बनाने का काम शुरू होगा। उन्होंने बताया कि दिल्ली से कटरा व अमृतसर को जोड़ने वाला हाइवे, जो अर्बन एक्सटेंशन रोड-द्वद्ध से कनेक्ट होगा और अर्बन एक्सटेंशन रोड-द्वद्ध का दूसरा एक्सटेंशन जो अलीपुर से ट्रोनिका सिटी और दिल्ली-देहरादून मार्ग को जोड़ेगा। इससे हरियाणा से देहरादून और नोएडा तक बिना दिल्ली में प्रवेश किए यातायात सुगम होगा। इसके अलावा, सराय काले खां से इंदिरा गांधी एयरपोर्ट तक टनल के निर्माण की भी फिजिबिलिटी स्टडी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के परिवहन मंत्रालय और दिल्ली सरकार के बीच हुई बातचीत से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने बताया कि रोहतक रोड, पंजाबी बाग से आगे नांगलोई, आश्रम से बदरपुर, और एमजी रोड जैसे प्रमुख मार्ग अब एनएचएआई को हैंडओवर कर दिए गए हैं। इन सभी सड़कों को सिग्नल फ्री बनाया जाएगा और इसका कार्य जल्द शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब एनएचएआई द्वारा सड़कों का निर्माण के साथ साथ उसके ड्रेनेज सिस्टम, साइड लेन और अन्य आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर भी बनाएगी7 इससे पहले जहां मल्टीपल एजेंसियों के कारण जलभराव या ड्रेनेज जैसी समस्याएं होती थीं अब वे पूरी तरह एनएचएआई द्वारा अपने खर्चे पर हल की जाएंगी। इस प्रक्रिया में पीडब्ल्यूडी भी सहयोग करेगा। मुख्यमंत्री ने एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी परियोजना के लिए केंद्र सरकार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इंदरलोक मेट्रो स्टेशन से मुनक नहर के किनारे होते हुए सोनीपत तक लगभग 20 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह परियोजना हरियाणा और दिल्ली के बीच यात्रा करने वाले बड़ी संख्या में यात्रियों को लाभ पहुंचाएगी, जो फिलहाल केवल आजादपुर से मुकरबा चौक होते हुए हाईवे का ही उपयोग कर पाते हैं। इस नई सड़क के निर्माण से दिल्ली की प्रमुख सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव कम होगा, विशेष रूप से पश्चिमी दिल्ली के निवासियों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) जल्द तैयार की जाएगी। एनएचएआई इसे प्राथमिकता के आधार पर कार्यान्वित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरयूबी और आरओबी यानि रोड अंडर ब्रिज और रोड ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए एनएचएआई द्वारा 150 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# अनुराग ठाकुर ने की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भाजपा नेता और सांसद अनुराग ठाकुर ने पत्रकारों से बातचीत में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की एकजुट लड़ाई और सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के वैश्विक दौरे की जमकर तारीफ की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सभी राजनीतिक दलों के सांसदों ने एकजुट होकर दुनिया भर के देशों में जाकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का पर्दाफाश किया और भारत को इससे होने वाले नुकसान को सामने रखा। उन्होंने बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल की खासियत यह थी कि इसे ज्यादातर विपक्षी दलों के सांसदों ने नेतृत्व किया। हर समूह में लगभग आधे सदस्य विपक्षी सांसद थे। कतर, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र और इथियोपिया जैसे देशों में गए इन सांसदों ने पूर्व प्रधानमंत्रियों, विदेश मंत्रियों, सांसदों, बुद्धिजीवियों, थिंक टैंक्स, मीडिया, छात्रों और आम लोगों से मुलाकात की। उन्होंने पहलगाम जैसे हमलों का जिक्र करते हुए बताया कि कैसे आतंकवाद मानवता पर हमला है और निर्दोष लोगों की जान लेता है। उन्होंने कहा, ÷दुनिया भर में भारत का संदेश गया कि हमारा लोकतंत्र आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। सभी ने एक स्वर में कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद अब बर्दाश्त नहीं होगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि पाकिस्तान अपनी परमाणु शक्ति के पीछे छिपकर आतंकवादियों को समर्थन, प्रशिक्षण और संसाधन देता है, जिससे न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी दुनिया को खतरा है। उन्होंने दावा किया कि कई देशों में हुए आतंकी हमलों के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग भारत में रहकर भी पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं और उसके एजेंडे को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा, जब एयर स्ट्राइक और सर्जिकल स्ट्राइक हुई, तब भी कुछ लोगों ने भारतीय सेना पर सवाल उठाए। डोकलाम मामले में भी कुछ लोग पड़ोसी देश के अधिकारियों के साथ बंद कमरे में बैठक करते रहे।÷ हालांकि, उन्होंने विपक्षी सांसदों की भी तारीफ की और कहा कि इस दौरे में सभी दलों ने एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ आवाज उठाई।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़कर हुए 4866, पिछले 24 घंटे में 7 लोगों को मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 500 से ज्यादा नए मामले सामने आए। वहीं इस दौरान कोरोना से संक्रमित सात लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में 564 नए मामले सामने आने के साथ देशभर में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4,866 हो गई है। इसी अवधि में कोरोना से संक्रमित सात लोगों की मौत हुई है। सात मृतकों में से तीन महाराष्ट्र से थे, जबकि दिल्ली और कर्नाटक में दो-दो मौतें हुई हैं। मरने वाले सात व्यक्तियों में से छह बुजुर्ग हैं और उन्हें मधुमेह, उच्च रक्तचाप और निमोनिया जैसी पहले से ही स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं थीं। मृतकों में से एक पांच महीने का लड़का है जिसे सांस संबंधी समस्या थी। इस साल करोरोना के मामलों में उछाल चार वेरिएंट - एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी. 1.8.1 के कारण हुआ है। एन.1.8.1 एक नया कोविड-19 सबवेरिएंट है जो भारत में पाया गया है। वायरस विकास पर विश्व स्वास्थ्य संगठन के तकनीकी सलाहकार समूह ने इस वेरिएंट को मॉनिटरिंग के तहत वेरिएंट के रूप में नामित किया है - जिसमें वायरस की विशेषताओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन हैं लेकिन जिसका महामारी विज्ञान संबंधी प्रभाव अस्पष्ट है।

### राउज एवेन्यू कोर्ट ने दी केजरीवाल को अपना पासपोर्ट नवीनीकृत करने की अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज दिग्विनय सिंह ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपना पासपोर्ट 10 वर्षों के लिए नवीनीकरण की अनुमति दे दी है। कोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल अभी विदेश जाने की अनुमति नहीं मांग रहे हैं। इसका मतलब है कि वो निकट भविष्य में विदेश जाने की योजना नहीं बना रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि ये पासपोर्ट नवीनीकरण बनाने में आड़े नहीं आ सकता है। कोर्ट ने कहा कि जमानत की शर्तों में ये साफ है कि केजरीवाल को देश से बाहर जाने के पहले कोर्ट की अनुमति लेनी होगी। ऐसे में पासपोर्ट का 10 साल का नवीनीकरण की अनुमति देने में कोई बाधा नहीं है। सुनवाई के दौरान केजरीवाल की ओर से पेश वकील ने कहा था कि केजरीवाल का पासपोर्ट 2018 में ही एक्सपायर हो गया। 10 जुलाई, 2024 को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी के चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए केजरीवाल को पेश होने का आदेश दिया था। 17 मई, 2024 को ईडी ने सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया गया था।

### अगले साल नवंबर से दिल्ली में केवल स्वच्छ इंधन बसों को मिलेगा प्रवेश : सीएक्यूएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने राजधानी में प्रदूषण मानकों को पूरा नहीं करने वाले वाहनों पर अगले साल नवंबर से प्रवेश पर रोक लगा दी है। इनमें स्कूल बसें और पर्यटक गाड़ियां भी शामिल हैं। सीएक्यूएम ने बुधवार को जारी एक निर्देश में कहा कि एक नवंबर 2026 से स्वच्छ मोड अर्थात बीएस-ङ्गद्ध डीजल, सीएनजी, ईवी पर चलने वाले अनुबंध कैरिज परमिट, संस्थान या स्कूल बस परमिट, अखिल भारतीय पर्यटक परमिट आदि के तहत चलने वाली बसें ही दिल्ली में प्रवेश कर सकेंगी। हालांकि दिल्ली में पंजीकृत बसों पर प्रतिबंध लागू नहीं होंगे। वहीं आयोग 23 अप्रैल को इस साल नवंबर से दिल्ली में बीएस-ङ्गद्ध, सीएनजी, एलएनजी और ईवी के अलावा सभी वाणिज्यिक माल वाहनों जैसे एलजीवी, एमजीवी और एचजीवी के प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध लगा चुका है। आयोग ने दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग और ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया है कि वे दिल्ली की सीमाओं पर एएनपीआर और आरएफआईडी जैसे तकनीकी उपायों की मदद से इन नियमों का सख्ती से पालन कराएं। साथ ही, आयोग ने सभी राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे इन निर्देशों की जानकारी सभी संबंधित लोगों तक पहुंचाएं, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि 31 अक्टूबर 2026 के बाद सिर्फ अनुमति प्राप्त बसें ही दिल्ली में आ सकें।

### लोकसभा की प्रवर समिति ने आयकर विधेयक, 2025 की समीक्षा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा की प्रवर समिति ने बुधवार को राजधानी नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित एक बैठक में आयकर विधेयक, 2025 की समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता 31 सदस्यीय प्रवर समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद बैजयंत पांडा ने की। लोकसभा सचिवालय ने जारी एक बयान में बताया कि सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लोकसभा की प्रवर समिति ने आयकर विधेयक, 2025 पर वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) से मौखिक साक्ष्य लिया। 31 सदस्यीय प्रवर समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ने आयकर विधेयक 2025 की जांच के लिए एक प्रवर समिति का गठन किया है। सांसद बैजयंत पांडा को 31 सदस्यीय प्रवर समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ये समिति प्रस्तावित आयकर विधेयक 2025 के प्रावधान और कानून में होने वाले बदलावों की जांच करेगी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर शौर्य अभिनंदन यात्रा, सैनिकों को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के लाजपत नगर में भारतीय सशस्त्र बलों के सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' की उपलब्धि का उत्सव जोर-शोर से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित 'शौर्य अभिनंदन यात्रा' में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सर्वसमाज, स्वयंसेवी संस्थाएं, एनजीओ, आरडब्ल्यूओ और अन्य संगठनों की महिलाओं के साथ पूर्व सैनिक, शहीद परिवारों के सदस्य, छात्र-छात्राएं और आम नागरिक शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य देशवासियों को सेना की वीरता से परिचित कराना और राष्ट्रभक्ति की भावना को मजबूत करना था। हाथों में तिरंगे और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा। महिलाओं ने भजन गाते हुए जयकारे लगाए और वीर सैनिकों के सम्मान में यात्रा को एक श्रद्धांजलि स्वरूप बनाया। एक सहभागी महिला ने कहा, ÷ऑपरेशन सिंदूर हमारे सैनिकों की वीरता और रणनीतिक दक्षता का प्रतीक है। यह यात्रा उन्हें सम्मान देने का एक छोटा-सा प्रयास है।÷ यात्रा के अंत में सैनिक परिवारों को सम्मानित किया गया और घोषणा की गई कि ऐसी यात्राएं देशभर में नियमित रूप से आयोजित होंगी।

# हाईकोर्ट ने सागर धनखड़ हत्याकांड के आरोपितों का इलाज सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रेसलर सागर धनखड़ की हत्या के आरोपी प्रवीण डबास को नियमित चिकित्सा उपलब्ध कराए। जस्टिस तुषार राव गडेला की बेंच ने नियमित चिकित्सा उपलब्ध कराने का आदेश दिया। इस मामले में पहलवान सुशील कुमार भी आरोपी हैं। हाईकोर्ट ने 31 मई के मेडिकल रिपोर्ट पर गौर करते हुए तिहाड़ जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वो प्रवीण डबास को एमआरआई स्कैन कराने समेत नियमित चिकित्सा उपलब्ध कराए। दरअसल प्रवीण डबास ने अपनी बीमारी के इलाज के लिए आठ हफ्ते की अंतरिम जमानत की मांग की थी। कोर्ट ने प्रवीण डबास की अंतरिम जमानत को लंबित रखा ताकि प्रवीण डबास की ताजा मेडिकल रिपोर्ट देखी जा सके। कोर्ट ने जेल प्रशासन को 9 जून तक प्रवीण डबास की ताजा मेडिकल रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट इस मामले पर 20 जून को फिर सुनवाई करेगा। सुनवाई के दौरान डबास की ओर से पेश वकील सुमित सिंह शौकीन ने कहा कि आरोपी का जीबी पंत अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग और डॉ. बीएसए अस्पताल के आर्थोपेडिक विभाग में इलाज चल रहा है। लेकिन उसे सही इलाज और दवाईयां नहीं मिल रही हैं। शौकीन ने कहा कि जेल प्रशासन के चाहने के बावजूद जो चिकित्सा सुविधा आरोपी को चाहिए वो नहीं मिल सकती हैं। बता दें कि रोहिणी कोर्ट ने इस मामले में 12 अक्टूबर 2022 को सुशील कुमार और 17




अन्य आरोपियों के खिलाफ आरोप तय कर दिया था। कोर्ट ने हत्या, हत्या की कोशिश, दंगा फैलाने और आपराधिक साजिश रचने समेत दूसरी धाराओं के तहत आरोप तय करने का आदेश किया था। 6 अगस्त 2021 को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की क्राईम ब्रांच की ओर से दाखिल पहली चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। 2 अगस्त 2021 को दिल्ली पुलिस की क्राईम ब्रांच ने इस मामले में पहली चार्जशीट दाखिल किया था। क्राईम ब्रांच ने 170 पन्नों की चार्जशीट दाखिल किया था। 23 मई 2021 को दिल्ली पुलिस ने पहलवान सुशील कुमार को मुंडका से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि सुशील कुमार और अनिरुद्ध दहिया ने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर संपत्ति विवाद में 4 और 5 मई 2021 की दरम्यानी रात को सागर धनखड़ और उसके दोस्तों की कथित तौर पर पिटाई की थी। चार्जशीट में कहा गया है कि अनिरुद्ध दहिया एक अंतरराष्ट्रीय पहलवान है और उसके पिता भी पहलवान थे। दहिया को 10 जून 2021 को गिरफ्तार किया गया था।

# पेंशन अदालतों से 18 हजार से अधिक शिकायतों का हो चुका है निस्तारण : डॉ. जितेन्द्र सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बुधवार को पेंशन संबंधी शिकायतों के लिए समयबद्ध निवारण तंत्र बनाने का आह्वान किया। नई दिल्ली में आयोजित 13वें अखिल भारतीय पेंशन अदालत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सितंबर 2017 में शुरुआत के बाद से देशभर में 12 पेंशन अदालतें आयोजित की गई हैं, जिनमें कुल 25,416 मामले आए हैं। इनमें से 18,157 सफलतापूर्वक हल किए गए हैं। यानी समाधान दर 71 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने भारत के पेंशनभोगियों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक संवेदनशीलता और दक्षता की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि पेंशन अदालत मॉडल हाल के वर्षों में किए गए सबसे नागरिक-हितैषी सुधारों में से एक है। जितेन्द्र सिंह ने कहा कि ÷एक पेंशनभोगी, जिसने राष्ट्र के लिए जीवन भर सेवा की है, उसे अपने हक के लिए इधर-उधर भटकना नहीं चाहिए।÷ उन्होंने विभागों से




ऐसे मामलों को सुलझाने में ÷समग्र सरकार÷ का दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निवारण केवल प्रतिक्रियात्मक नहीं बल्कि पूर्वानुमानित, प्रौद्योगिकी द्वारा समर्थित और करुणा से प्रेरित होना चाहिए। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने पेंशन और पेंशनभोगियों के एक बड़े और अक्सर कमजोर वर्ग की ज्वलंत चिंताओं को स्वीकार करने वाले विषय को चुनने के लिए पेंशन और पेंशनभोगी विभाग को बधाई दी। उन्होंने पेंशनभोगियों तक पहुंचने के लिए डिजिटल साधनों के उपयोग को प्रोत्साहित किया, जो व्यक्तिगत रूप से उपस्थित नहीं हो सकते। उन्होंने कहा, ÷ये अदालतें न केवल शिकायत निवारण के लिए एक मंच का प्रतिनिधित्व करती हैं, बल्कि सरकार का वादा भी है कि कोई भी आवाज अनसुनी नहीं रहेगी। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने यह भी दोहराया कि सीपीईएनजीआरएएमएस (केंद्रीकृत पेंशन शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली) जैसी डिजिटल पहलों का तत्क्षण ट्रैकिंग और समाधान के लिए लाभ उठाया जाना चाहिए। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने विभागों और अधिकारियों से पेंशनभोगियों के साथ सिर्फ लाभार्थी के रूप में नहीं बल्कि ÷प्रशासनिक परिवार के सम्मानित सदस्य÷ के रूप में व्यवहार करने का आग्रह किया।

# डीबीटी, जनधन जैसी योजनाओं ने भारत में सरकारी स्कीमों को लोगों तक पहुंचाने में लाई क्रांति : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की डीबीटी और जन धन जैसी कई वित्तीय समावेशन योजनाओं ने पिछले 11 वर्षों में भारत में कल्याणकारी योजनाओं में क्रांतिकारी बदलाव किया है, जिससे लीकेज पर रोक लगी है और पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। वित्त मंत्री सीतारमण ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट में कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) ने भारत में जनकल्याणकारी योजनाओं की डिलीवरी में लीकेज बंद करके और पारदर्शिता सुनिश्चित करके क्रांति लाई है। 1,200 से ज्यादा सरकारी स्कीमों का लाभ अब डीबीटी के जरिए दिया जा रहा है। अब तक 44 लाख करोड़ रुपए इन योजनाओं के लाभार्थियों के सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर जा चुके हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस स्कीम के जरिए देश को लीकेज आदि से 3.48 लाख करोड़ रुपए बचाने में मदद मिली है। पिछले एक दशक में एनडीए सरकार ने करोड़ों लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पीएम मुद्रा योजना से भी देश के लोगों को काफी




फायदा और स्वरोजगार को बढ़ाने में मदद मिली है। वित्त मंत्री ने कहा, ÷इस स्कीम में करीब 33 लाख करोड़ रुपए के 52 करोड़ से अधिक लोन वितरित किए जा चुके हैं। इसमें से करीब 68 प्रतिशत महिलाओं को दिए गए हैं। प्रधानमंत्री जनधन योजना ने बैंकिंग को यूनिवर्सल बना दिया है। वित्त मंत्री ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े वित्तीय समावेशन कार्यक्रम के तहत 55.44 करोड़ खाते खोले गए हैं, जिनमें से 55.7 प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं। प्रधानमंत्री मोदी के अनुसार, डीबीटी, डिजिटल समावेशन और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने से पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है और अंतिम छोर तक योजनाओं की तेजी डिलीवरी सुनिश्चित हुई है।

# सर्राफा बाजार में मामूली तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली तेजी नजर आ रही है। भाव में उछाल आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 99,180 रुपये से लेकर 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 90,910 रुपये से लेकर 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज मामूली तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,02,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 99,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 99,230 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,960 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 99,180



रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 99,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,230 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 90,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 99,330 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 91,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में सांकेतिक तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 99,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 90,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## जोकोविच फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे

### अब वर्ल्ड नंबर-1 सिनर से भिड़ेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन 2025 के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में जोकोविच ने पहले सेट में पिछड़ने के बावजूद शानदार वापसी की।

जोकोविच के अलावा, वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर भी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। जोकोविच की फ्रेंच ओपन में



101वीं जीत 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में तीसरे सीड एलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार सेटों में 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपनी 101वीं जीत दर्ज की है। 38 साल के जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी जैनिक सिनर से भिड़ेंगे। दोनों के बीच अब तक 8 मुकाबले हुए हैं, जिनमें स्कोर 4-4 है। पिछले तीन मैचों में सिनर ने जीत हासिल की है।

इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में कजाखस्तान के एलेक्जेंडर बुब्लिक को 1 घंटे 49 मिनट में 6-1, 7-5, 6-0 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने ग्रैंड स्लैम में अपनी लगातार 19वीं जीत दर्ज की है और वह अब नोवाक जोकोविच के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलेंगे। अमेरिकी खिलाड़ी कोको गौफ ने क्वार्टर फाइनल में हमवतन मेडिसन कीज को हरा दिया है। उन्होंने कीज को 6-7(6), 6-4, 6-1 से हराया। सेमीफाइनल में गौफ का मुकाबला फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड खिलाड़ी लोइस बॉइसन से होगा, जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा और तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सभी को चौंका दिया है।

## श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर पर लगा मैच फिक्सिंग का आरोप

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका के पूर्व ऑफ स्पिनर सचित्रा सेनानायके को हंबनटोटा उच्च न्यायालय ने 2020 लंका प्रीमियर लीग के दौरान एक साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिए लुभाने का प्रयास करने के आरोप में दोषी ठहराया है। अटॉर्नी



जनरल के विभाग ने कहा कि देश के हाल ही में लागू भ्रष्टाचार विरोधी कानून के तहत मैच फिक्सिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेटर पर यह पहला अभियोग है। उन्हें गिरफ्तार किया गया और 2023 में जमानत पर रिहा कर दिया गया। 40 वर्षीय ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल मिलाकर 78 विकेट लिए। वह श्रीलंका की 2014 टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार उन्होंने एक अन्य राष्ट्रीय खिलाड़ी थारिंडु रत्नायके से भ्रष्ट संपर्क किया, जो उस समय कोलंबो किंग्स के लिए खेल रहे थे। श्रीलंकाई एक रिपोर्ट में कहा गया है, सेनानायके पर दुबई से टेलीफोन के माध्यम से 2020 में उद्घाटन एलपीएल में भाग लेने वाले दो अन्य क्रिकेटरों से संपर्क करने का भी आरोप है, उन्हें मैच फिक्सिंग में शामिल होने के लिए मनाने का प्रयास किया गया।

## इंग्लैंड सीरीज में ना चुने जाने के बाद अक्षर पटेल ने किया संन्यास का ऐलान? क्या है सच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के खत्म होने के साथ ही भारतीय क्रिकेटर और दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल सुर्खियों में आ गए हैं. दरअसल, सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है और दावा किया जा रहा है कि उन्होंने क्रिकेट से



संन्यास ले लिया है. जिसके बाद क्रिकेट जगत में तहलका मच गया है. अक्षर पटेल को इस बार इंग्लैंड दौरे के लिए भी भारतीय टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है, जिसके चलते उनके फैंस और ज्यादा परेशान हो गए हैं. सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है उसमें अक्षर को यह कहते हुए सुना गया कि 'मेरा और क्रिकेट का सफर यहीं तक था.' जिसके बाद फैंस के बीच चिंता की लहर दौड़ गई. हालांकि, अब इस खबर की सच्चाई सामने आ गई है, और यह वीडियो फर्जी साबित हुआ है. दरअसल, यह वीडियो एआई की मदद से बनाया गया है, जिसमें अक्षर की आवाज और तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया. अक्षर ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है, और वह अभी भी क्रिकेट में सक्रिय हैं.इस वीडियो में अक्षर पटेल रिटायरमेंट स्पीच देते नजर आ रहे हैं. अक्षर कहते नजर आ रहे हैं, 'यह बहुत महत्वपूर्ण ऐलान है.


### RCB को जिताया IPL का खिताब

# अब जितेश शर्मा बने कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पहली बार खिताब जिताने वाले कई खिलाड़ियों का योगदान रहा. इसमें एक नाम जितेश शर्मा हैं. जितेश शर्मा ने आईपीएल 2025 में आरसीबी के लिए कई अहम पारियां खेली और क्वालिफायर-1 में टीम की जीत के हीरो भी रहे थे.

इतना ही नहीं, कुछ मैचों में उन्हें आरसीबी की टीम की कप्तानी करने का मौका भी मिला. अब जितेश शर्मा एक नई चुनौती के लिए तैयार हैं. वह जल्दी ही एक भारतीय लीग में खेलते हुए नजर आएंगे, जिसमें वह बतौर कप्तान खेलेंगे.

जितेश शर्मा 5 से 15 जून तक नागपुर के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में आयोजित होने वाली विदर्भ प्रो टी20 लीग में



नीको मास्टर ब्लास्टर टीम की कप्तानी करेंगे. इस टूर्नामेंट में छह टीमें हिस्सा ले रही हैं और कुल 18 मैच खेले जाएंगे. वहीं, नीको मास्टर ब्लास्टर की टीम में अनुभवी आर संजय को उपकप्तान बनाया गया है, जबकि युवा खिलाड़ियों जैसे आर्यन मेश्राम, आद्यान डागा और वेदांत दिघड़े भी स्क्वॉड का हिस्सा हैं. टूर्नामेंट का पहला मैच पगरिया स्ट्राइकर्स और नागपुर टाइटंस के बीच होगा. दूसरी ओर जितेश की टीम नीको मास्टर ब्लास्टर अपना पहला मुकाबला 6 जून को भारत रेंजर्स के खिलाफ खेलेगी. इस लीग में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं की टीमें भी हिस्सा ले रही हैं, जिसमें नीको की महिला टीम की कप्तानी भारती फुलमाली करेंगी.

#### आईपीएल 2025 में जमकर चला बल्ला

जितेश शर्मा ने आईपीएल 2025 में शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने 11 पारियों में 261 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 176.35 और औसत 37.28 रहा. इस दौरान उन्होंने 24 चौके और 17 छक्के लगाए, और आरसीबी को 18 साल बाद पहली आईपीएल ट्रॉफी दिलाने में अहम भूमिका निभाई. क्वालिफायर-1 में तो उन्होंने नाबाद 85 रन बनाकर आरसीबी को फाइनल में पहुंचाया था. अब वह अपनी इस फॉर्म को विदर्भ प्रो टी20 लीग में भी जारी रखना चाहेंगे.

#### विदर्भ प्रो टी20 लीग में मास्टर ब्लास्टर की टीम

जितेश शर्मा (विकेटकीपर-कप्तान), आर संजय, आर्यन मेश्राम, अद्यान डागा, अद्यान रौथम, आकाश कोमडे, वेदांत दिघाड़े, गौरव ढोबले, अंकुश तम्मीवार, आदित्य खिलोटे, आर्य दुरुगकर, प्रथम माहेश्वरी, प्रफुल्ल हिंगे, अननमय जयसवाल, सार्थक धाबडगांवकर, सनमेश देशमुख.

### बेंगलुरु भगदड़ पर विराट कोहली की पहली प्रतिक्रिया

# शब्द नहीं हैं मेरे पास...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेटर विराट कोहली ने बेंगलुरु भगदड़ पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वे पूरी तरह टूट चुके हैं और उनके पास कोई शब्द नहीं हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर आरसीबी का एक आधिकारिक बयान भी जारी किया है जिसमें इस हादसे पर दुख जताया गया है। आरसीबी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए हमे बेंगलुरु में भीड़ की वजह से हुए हादसे की जो जानकारी मिली है, वो जान बहुत दुखी हैं। सभी की सुरक्षा ही हमारे के लिए सबसे जरूरी है। जिन भी लोगों ने इस दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में अपनी जान गंवाई है, हम उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। अपने बयान में आगे साफ कहा है कि जैसे ही स्थिति के बारे में पता चला हमने अपने कार्यक्रम में तब्दीली की और स्थानीय प्रशासन ने जैसे निर्देश दिए, उसके मुताबिक आगे बढ़े। हम अपने सभी समर्थकों से अपील करते हैं कि वे सुरक्षित रहें। अब इस प्रतिक्रिया से समझ आता है कि आरसीबी की टीम ने स्थानीय प्रशासन का सहयोग किया था, उन्हें जैसा कहा गया, उन्होंने वैसा ही किया।



#### RCB की विक्ट्री परेड मातम में कैसे बदली

अब जानकारी के लिए बता दें कि बेंगलुरु में मची भगदड़ का सबसे बड़ा कारण ओवरक्राउडिंग रहा है। इसके ऊपर क्योंकि पुलिस का जरूरी संदेश समय रहते आम लोगों तक नहीं पहुंचा, उस वजह से भी एक कम्युनिकेशन गैप बना और इतना बड़ा हादसा हो गया। असल में बुधवार को सुबह 11.56 पर ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि कोई विक्ट्री परेड नहीं होगी। अब जिस समय पुलिस ने यह जानकारी दी, कई लोग पहले ही भीड़ लगा चुके थे। चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर तो लोग इकट्ठा होने शुरू हो गए थे। ऐसे में कई को तो जानकारी तक नहीं थी कि विक्ट्री परेड कैंसिल हो चुकी है। अभी के लिए इस हादसे के बाद कर्नाटक सरकार ने मतृकों के परिवार के लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है। सीएम सिद्धारमैया ने भी इस हादसे पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इस बात को स्वीकार किया है कि उम्मीद से कहीं ज्यादा भीड़ मौके पर पहुंची और उसी वजह से यह दर्दनाक हादसा हुआ।



### कोचिंग स्टाफ को लेकर फ्रेंचाइजी में असंतोष

# लखनऊ सुपर जायंट्स से जहीर खान की होगी छुट्टी?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 को खत्म हुए 2 दिन भी नहीं हुआ है और फ्रेंचाइजी में बदलाव की चर्चा शुरू हो गई है। अगले सीजन से पहले कई फ्रेंचाइजी स्टाफ और कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर सकती हैं और सबसे बड़ा बदलाव लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में हो सकता है।

14 मैचों में से सिर्फ छह जीत के साथ सातवें स्थान पर रहने से फ्रेंचाइजी प्रबंधन खुश नहीं है। जहीर खान की देखरेख में काम कर रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के कोचिंग स्टाफ के कुछ प्रमुख सदस्यों के भविष्य को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहीर (46) खुद भी इस परेशानी का सामना कर रहे हैं। जहीर को पिछले साल की नीलामी की शुरुआत से पहले मेंटर बना गया था, तो उन्हें सिर्फ एक साल के अनुबंध पर रखा गया था। उस कॉन्ट्रैक्ट को रिन्यू किया जाना है और सूत्रों का कहना है कि अगर वह बने रहते हैं तो यह आश्चर्य की बात होगी।

#### लैंगर का कॉन्ट्रैक्ट भी रिन्यू होना है

जहीर को मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ काम करने के लिए लाया गया था, जिनका कॉन्ट्रैक्ट भी रिन्यू होना है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि दोनों के बीच सीजन के दौरान कैसा समन्वय किया, लेकिन टीम और प्रबंधन के भीतर असंतोष की भावना दिखाई देती है।

इस स्तर पर चर्चा से पता चलता है कि लैंगर की तुलना में जहीर पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।

#### प्रबंधन टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं

एलएसजी फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका क्रिकेट और आईपीएल के प्रति जुनूनी माने जाते हैं और पिछले दो सीजन से टीम प्लेऑफ में जगह बनाने में कामयाब नहीं हो पाई है। हालांकि, जहीर 2024 सीजन के लिए जवाबदेह नहीं हो सकते, लेकिन प्रबंधन इस सीजन में टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश नहीं है।

#### जहीर-पंत का पेशेवर संबंध काफी अच्छा

कहा जाता है कि जहीर का कप्तान ऋषभ पंत के साथ पेशेवर संबंध काफी अच्छा है, लेकिन पंत ने बल्ले से निराश किया। पंत ने 14 मैचों में एक शतक और एक अर्धशतक सहित 269 रन बनाए, लेकिन बाकी 12 मैचों में कोई खास योगदान नहीं दे पाए।

हालांकि, कप्तान के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए टीम के मेंटर को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, लेकिन यह जहीर ही थे, जिन्होंने टीम के विजन और दृष्टिकोण को आकार देने में मदद की। उन्होंने और पंत दोनों ने इस सीजन में निडर होकर क्रिकेट खेलने की बात कही थी। लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले।

### नेशंस लीगः

# रोनाल्डो का गोल, मेजबान जर्मनी को हराकर फाइनल में पुर्तगाल

**म्यूनिख, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निर्णायक गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ मेजबान टीम की पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। ओलावृष्टि के कारण 10 मिनट की देरी के बाद, जर्मनी ने जल्दी ही लय पकड़ ली। लियोन गोरेट्जका ने शुरुआत में डियोगो कोस्टा को परखा, जबकि डेब्यूटेंट निक वोल्टमेड ने एलेक्जेंडर पावलोविच के साथ मिलकर एक और मौका बनाया। हालांकि, पुर्तगाल ने जल्द ही लय पकड़ ली। पेड्रो नेटो की तेज रफ्तार ने बार-बार जर्मन डिफेंस को एक्सपोज किया और रोनाल्डो ने गोलकीपर मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन को दो बार परखा। यह टेर स्टेगन की चोट से वापसी के बाद पहला मैच था। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 48वें



मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ, जो कुछ मिनट पहले ही मैदान पर आए थे, उन्होंने शानदार सिंगल स्ट्राइक के साथ मैच का रुख पलटा। 63वें मिनट पुर्तगाल ने भी अपना खाता खोलते हुए मैच 1-1 से बराबरी पर ला दिया। जर्मनी को यहां से संभलने का मौका नहीं मिला। ब्रूनो फर्नांडीस और नूनो मेंडेस के बीच एक शानदार वन-टू ने जर्मन बैकलाइन को तितर-बितर किया और मेंडेस के लो क्रॉस को रोनाल्डो ने गोल में बदला। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ गोल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ खेलेगा, जबकि पुर्तगाल फाइनल खेलेगा। मैच गंवाने के बाद जर्मनी के कोच जूलियन नेगल्समैन ने कहा, यह निश्चित रूप से हाल के दिनों में हमारा सबसे कमजोर प्रदर्शन था। हमने हमेशा पूरे दृढ़ विश्वास के साथ अटैक नहीं किया। पुर्तगाल जैसी टीम के खिलाफ अगर आप बदलाव में बहुत धीमे हैं, तो



# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे चार दिवसीय मैच शुक्रवार से

### केएल राहुल पर रहेगी नजरें

**नॉर्थम्पटन, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी।

भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिए ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं।

राहुल ने 58 टेस्ट में 33.57 की औसत से रन बनाए हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्षक्रम में मिला है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से 6 ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाए थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाए।

तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिए शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे।

अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिए तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिए तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे ताकि पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह बना सकें। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं।

**टीमें:** भारत एः अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंसः** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद,जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

**समयः दोपहर 3.30 से।**

# मजबूती से आगे बढ़ती मध्यप्रदेश की जल संरक्षण यात्रा

**भोपाल**। प्रदेश में जल संरक्षण की यात्रा दिन प्रति दिन मजबूती से आगे बढ़ रही है। जनभागीदारी से जल संरचनाओं के संरक्षण और सफाई के कार्य हाथ में लिये गये है। ऐतिहासिक, संस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले जल स्त्रोतों के सफाई के कार्य को प्राथमिकता दी जा रही है। नर्मदा पथ पर यात्रा के माध्यम से नदी किनारे ग्रामों में जल चौपाल कर ग्रामीणों को नदी के आसपास साफ सफाई के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है। जल है जीवन की धारा, कल का यही सहारा शहडोल जिले में स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से जल संवर्धन का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी के साथ जल है जीवन की धारा, कल का यही सहारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार



करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर ह्लजल गंगा सवंर्धन अभियानह्व 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णाद्वार का कार्य भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। अभियान जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है। अभियान में मशीन, सामग्री और श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर के ग्राम पंचायत मैकी, ग्राम पंचायत दुलादर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में नवीन खेत तालाब के कार्य किये गए है। **ग्राम समर्रा में नल कनेक्शनों में टोटियां लगायी गयी**- टीकमगढ़ कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निदेर्शानुसार जिले में जलगंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत ग्राम समर्रा में एकल जल प्रदाय योजना के अंतर्गत नल कनेक्शनों में टोंटियां लगायी गईं। ग्रामीणों को पानी के अनावश्यक बहने से राकेने की समझाइश दी गई। ग्राम समर्रा में करीब 20 घरों के नल कनेक्शनों में टोटियों को लगाया गया। यह पहल ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश से की गई है। ग्रामीणों को सलाह दी गई है कि पानी भरते ही नल की टोटी बंद कर देना चाहिए, जिससे जल को बर्बाद होने से रोका जा सके। अभियान पर केन्द्रित प्रदर्शनी का सरपंचों ने किया अवलोकन राज्य सरकार के निर्देश पर 30 मार्च से प्रारंभ हुए प्रदेश स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनसहभागिता से निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। आगामी 30 जून तक संचालित होने वाले इस महत्वाकांक्षी अभियान में प्राचीन जल स्त्रोतों एवं कुएं व बावड़ियों के जीर्णाद्धार कार्य सहित जल संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाओं अंतर्गत खेत तालाब निर्माण इत्यादि का कार्य ग्रामवासियों के सहयोग से क्रियान्वित हो रहा है। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की जा रही है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान में विभिन्न कार्यों को जनसहभागिता से बेहतर रूप में क्रियान्वित करने की कार्ययोजना बनाई गई है। जिले के सभी विकासखण्ड में अभियान के तहत पूर्ण हो चुके एवं प्रगतिरत कार्यों के बारे में जानकारी तथा तकनीकी पहलुओं से अवगत कराने के लिए जिला पंचायत परिसर में प्रदर्शनी लगाई गई। करीब 90 सरपंचो ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। पंचायत प्रतिनिधियों को जल की स्वच्छता एवं कचरा के उचित निस्तारण की जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। एक्सपोजर विजिट में सरपंचों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अच्छे कार्यों का महत्व बताया गया।

### भरहटा में बावडी की सफाई

*सतना जिले में उचेहरा विकासखंड के कबीर आश्रम ग्राम पंचायत भरहटा में बावड़ी स्वच्छता कार्यक्रम में जनभगीदारी से सफाई कार्य किया जा रहा है। स्थानीय पुजारी के अनुसार सम्राट अशोक के समय इस बावड़ी का निर्माण कराया गया था। बताया गया कि प्राचीन समय में राहगीर और स्थानीय गांव के लोग इसी से पानी पीते थे। श्रमदान के बाद ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों की उपयोगिता की जानकारी दी गई। उन्हें शपथ दिलाई गई की वे निंरतर श्रमदान कर बावड़ी के आस पार सफाई रखेंगे। जिले में किसानों को खेत तालाब के महत्व के बारे में विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी देकर प्रोत्साहित किया जा रहा है।*

## राहुल गांधी के सीस फायर वाले बयान पर भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुवेर्दी का पलट वार

**भोपाल**। राजधानी भोपाल के भाजपा प्रदेश कार्यालय पर भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुवेर्दी ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि राहुल गांधी बहुत अस्तेय बात करते हैं सरकार की तरफ से स्पष्ट किया गया है कि ऑपरेशन सिंदूर को बंद नहीं किया गया है ऑपरेशन सिंदूर जारी है और यह भी जो विषय है वह सीस फायर नहीं है यह सिर्फ फायर स्टॉप किया गया है मैं राहुल गांधी से कहना चाहूंगा कि आप सीजफायर और फायर स्टॉप को समझिए उसके बाद बात कीजिए और ना तो ऑपरेशन सिंदूर बंद किया है अभी भी कार्रवाई जारी है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने



कहां है कि आतंकी और आतंकवादियों के आकाओं उन के घर में घुसकर मारा है।

### एमपीसीडीएफ के प्रबंध संचालक, डा. संजय गोवाणी और बीएसडीएस के सीईओ, प्रतीश जोशी ने सांची रथ को झण्डी दिखाकर किया रवाना

**भोपाल**। एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) से संबद्ध भोपाल सहकारी दुग्ध संघ द्वारा तैयार की गई आधुनिक उपकरणों से युक्त चल-प्रयोगशाला सांची रथ को प्रबंध संचालक, एमपीसीडीएफ, डॉ. संजय गोवाणी एवं भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी के द्वारा एमपीसीडीएफ कार्यालय से झण्डी दिखाकर भोपाल शहर में आयोजित किए जाने वाले शुद्धता परीक्षण शिविर के लिए रवाना किया गया है। इस अवसर पर एमपीसीडीएफ भोपाल के प्रबंध संचालक डॉ. गोवाणी ने मीडिया को बताया कि सांची मध्यप्रदेश की शान है, सांची की शान को बरकरार रखा जाएगा तथा इसकी ब्रांड वैल्यू में वृद्धि की जाएगी। भोपाल शहर की कॉलोनियों में सांची रथ घर-घर तक जाएगा, उपभोक्ताओं द्वारा नियमित रूप से उपयोग किए जाने वाले दूध और दुग्ध उत्पादों का परीक्षण उपभोक्ताओं के समक्ष किया जाएगा तथा व्हाट्सअप के माध्यम से संबंधित उपभोक्ता को जांच रिपोर्ट दी जाएगी। यह एक अभिनव पहल है। इस अवसर पर भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीतेश जोशी ने मीडिया को बताया कि इस अभियान की शुरूआत 07 जून 2025 शनिवार से दूध का दूध-पानी का पानी से की जा रही है।

### स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की मिलेगी छूट

**भोपाल**। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में छूट प्रदान की जाएगी। स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जाएगी। कंपनी ने कहा है कि यह छूट निम्नदाब उपभोक्ता श्रेणियों के लिए विशिष्ट नियमों और शर्तों के आधार पर दिन के विभिन्न समय (सोलर ऑवर) के दौरान खपत की अवधि के अनुसार ऊर्जा शुल्क पर लागू होगी। सामान्य उपभोक्ताओं को सोलर आवर में छूट घरेलू और गैर घरेलू सार्वजनिक जल कार्य और स्ट्रीट लाइट श्रेणी के उपभोक्ताओं को सोलर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। इसी तरह गैर-घरेलू और निम्नदाब के औद्योगिक उपभोक्ताओं, आटा चक्की आदि को सौर ऑवर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक की अवधि के दौरान उपभोग की गई ऊर्जा के लिए ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट 10 किलोवाट से अधिक स्वीकृत लोड, अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी।

# ठोक-बजाकर तय होगा कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**जिलाध्यक्षों की पड़ताल में जिलों में पहुंचे रहे पर्यवेक्षक**

### इस तरह फाइनल होगा जिलाध्यक्ष का नाम

किसी भी जिले का अध्यक्ष बनाने के लिए पर्यवेक्षकों को कई मापदंडों का ध्यान रखना होगा। पर्यवेक्षक जिला स्तर पर फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन, विभागों, प्रकोष्ठों की जिला कमेटी के साथ चर्चा करेंगे। जिले में ब्लॉक वार संगठन की बैठकें करेंगे। इन बैठकों में स्थानीय सांसद, विधायक, लोकसभा और विधानसभा के प्रत्याशी, संगठन के ब्लॉक एवं मंडलम, पदाधिकारियों, के अध्यक्ष, पार्षद और पंचायती राज के कार्यकताओं, स्थानीय नगर निकाय जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करेंगे। एआईसीसी और पीसीसी के ऑब्जर्वर जिला, ब्लॉक स्तर के कार्यकताओं से चर्चा के माध्यम से जिला अध्यक्ष के लिए मिले नामों का एक पैनल बनाएंगे। इसके बाद जिला अध्यक्ष के दावेदारों से चर्चा करेंगे। इस चर्चा में जिलाध्यक्ष के दावेदार से संगठन के प्रति उनकी समझ, कार्यप्रणाली को जानेंगे। जिला अध्यक्ष के पैनल को लेकर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के साथ 6 नाम देंगे। ऑब्जर्वर पैनल में उन्ही लोगों के नाम शामिल करेंगे, जो जमीनी कार्यकर्ता है और कहीं न कहीं आम लोगों से उनकी कनेक्टिविटी है। इसके अलावा आधा दर्जन नामों के पैनल में ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग लोगों और एक महिला का नाम शामिल करना अनिवार्य होगा।



**भोपाल**। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की क्लास के बाद मप्र कांग्रेस में जान आ गई है। संगठन सृजन अभियान का धार देने के लिए कांग्रेस मिशन मोड में नजर आ रही है। राहुल के निदेर्शानुसार जिला अध्यक्षों की पड़ताल में पर्यवेक्षक जिलों में पहुंचने लगे हैं। कांग्रेस इस बार जिलाध्यक्षों की नियुक्ति काफी जांच-पड़ताल यानी ठोक-बजाकर करेगी। इसके लिए क्राइटेरियां तय किया गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष के लिए पैनल बनाया जाएगा। खास बात यह है कि पैनल में शामिल करने के लिए जो आधा दर्जन नाम चयनित किए जाएंगे, उसमें इस बिंदु पर ज्यादा फोकस रहेगा कि दावेदार का सोशल मीडिया का प्रोफाइल कितना सक्रिय है। उनके द्वारा पार्टी गतिविधियों को लेकर पोस्ट की भी समीक्षा की जाएगी। उनके सोशल मीडिया अकाउंट से जुड़े फालोवर्स की संख्या पर भी गौर किया जाएगा। साथ ही क्षेत्र में उसकी सक्रियता कितनी है। गौरतलब है कि 3 जून को राहुल की ओर से ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी से नियुक्त किए गए 61 पर्यवेक्षक को एक फोल्डर दिया गया है। इस फोल्डर में ऑब्जर्वर को अलॉट किए गए जिले का पूरा जातिगत डेटा और समीकरण है। साथ ही उस जिले में कांग्रेस के मौजूदा संगठन की पूरी डिटेल भी दी गई है। एआईसीसी से नियुक्त 61 पर्यवेक्षक के साथ मप्र कांग्रेस ने भी 165 ऑब्जर्वर नियुक्त किए हैं। सभी को अलग-अलग जिलों का आवंटन किया गया है। इनमें नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व केन्द्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह, अजय सिंह, अरुण यादव समेत कई बड़े नेताओं के नाम शामिल है। पीसीसी ने जिन नेताओं को आब्जर्वर बनाया है, वो संगठन सृजन अभियान के तहत किए जाने वाले कार्यों में एआईसीसी के आब्जर्वर का सहयोग करेंगे। जारी सूची में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंधार को बालाघाट और अरुण यादव को सीधी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके आलावा प्रियंवत सिंह को भिंड अशोक सिंह को रीवा, हेमंत कटारे को मउगंज, चौधरी राकेश सिंह को सागर, सचिन यादव को गुना का आब्जर्वर बनाया गया है। गौरतलब है कि एमपी कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष दिल्ली से तय होंगे। इसके लिए एआईसीसी और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मिलकर जिलों में ऑब्जर्वर भेजेंगे। **विभिन्न समीकरणों पर परखा जाएगा-** गौरतलब है कि कांग्रेस कांग्रेस को फिर से खड़ा करने के लिए राहुल गांधी नए फॉमूर्ले पर काम कर रहे हैं। यह फॉमूर्ला है कांग्रेस को कैडरबेस बनाना। मप्र में इसकी शुरूआत की जा रही है। अगर ये फॉमूर्ला हिट होता है तो पार्टी इसे देश के अन्य राज्यों में भी लागू करेगी। राहुल गांधी के इस फॉमूर्ले में पार्टी की सबसे मजबूत कड़ी होंगे जिलाध्यक्ष। जिनकी पार्टी हाईकमान तक सीधी एंट्री होगी। अब विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारी इन जिलाध्यक्षों की रजामंदी से होगी। यानी क्षत्रपों की पार्टी कहे जाने वाली कांग्रेस में अब पदाधिकारियों के चयन की पूरी प्रक्रिया बदल रही है। राहुल गांधी की पहल पर चल रही इस कवायद से संदेश साफ है कि अब इस पार्टी क्षत्रपों और पट्ठाबाद से बाहर निकलना चाहती है। इसकी शुरूआत जिलाध्यक्षों के चयन से की जा रही है, जिसके लिए कांग्रेस आलाकमान ने पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। यह इस बात का संकेत है कि आंदोलन से उपजी कांग्रेस क्या भविष्य में कैडरबेस होगी। ऑब्जर्वर्स को जिले का जातिगत डेटा फोल्डर में देने के पीछे राहुल गांधी की यह सोच है कि जिले से अध्यक्ष के लिए जो नाम निकलकर आए हैं। उस जिले के जातिगत समीकरणी के हिसाब से अध्यक्ष फिट है या नहीं। इसके बाद पार्टी में उसकी परफॉर्मेंस, योगदान और दूसरे पैरामीटर देखे जाएंगे। कांग्रेस ने ऑब्जर्वर्स को इसके लिए 20 दिन का समय दिया है।

## मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण से वेबिनार तक हुए विविध आयोजन

**भोपाल**। मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी एक अग्रणी उच्च शिक्षा संस्थान है, जो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों को भी बराबर महत्व देता है। यूनिवर्सिटी का पर्यावरण के प्रति समर्पण केवल एक दिन के आयोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे वर्ष भर कैम्पस ग्रीन इनिशिएटिव, रिसाइकलिंग प्रैक्टिसेज, सस्टेनेबल बिल्डिंग्स और ईको-फ्रेंडली नीतियों के माध्यम से दिखाई देता है। MPU का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि एक जागरूक, संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिक तैयार



करना भी है। इसी सोच के साथ यूनिवर्सिटी युवाओं को प्रकृति के संरक्षण और पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने हेतु निरंतर प्रेरित करता रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मध्यांचल प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (MPU), भोपाल में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों में वृक्षारोपण अभियान, नवाचार मॉडल प्रदर्शनी, भाषण प्रतियोगिता और Environmental Ethics and Youth विषय पर एक विचारोत्तेजक वेबिनार शामिल रहा। इन आयोजनों का उद्देश्य छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और स्थायी विकास की अवधारणा को मजबूत करना रहा।

## पत्नि को मायके छोड़कर आने के बाद पति ने लगा ली फांसी

**भोपाल**। निशातपुरा थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक अपनी पत्नी को मायके छोड़कर आया और बाद में खुद्कुशी कर ली। जॉच में फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपते हुए आगे की जॉच शुरू कर दी है। थाना पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय ओमप्रकाश मेहर पिता श्यामलाल मेहर कृषक नगर करोंद में रहते हुए आईटी पार्क में नौकरी करता था वह मुल रुप से सीहोर जिले के अहमदपुर का रहने वाला था, उसकी ससुराल गौतम नगर थाना इलाके में है। बुधवार को उसने अपनी पत्नी और 8 महीने के बच्चे



को मायके छोड़ा था। इसके बाद वह नौकरी पर गया और रात के समय घर आकर अमहदपुर सीहोर में रहने वाली मां से फोन पर बात की। अगली सुबह जब पत्नी ने उसे कॉल किया तब उसने काफी समय तक फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद पत्नी ने मकान मालिक से पति को देखने को कहा। उसके कमरे पर पहुंचकर मकान मालिक ने खिडकी से झांककर देखा तो अंदर ओमप्रकाश का शरीर फांसी के फंदे पर लटका नजर आया।

## थाना ऐशबाग पुलिस द्वारा चाकू से हत्या का प्रयास करने वाले आरोपियो को किया गिरफ्तार

**भोपाल**। मुखबिर द्वारा सुभाष नगर सुलभ काम्पलेक्स के पास झगडे की सूचना प्राप्त हुई की सूचना की तस्दीक हेतु तत्काल मौके पर पहुंचा जहां कोई नही मिला इसी दौरान थाने पर रोजनामचा सान्हा क्रमांक 72 दिनांक 05/06/2025 पर हमीदिया अस्पताल पहुंचे पेशेंट शाकिब खान पिता वसीम खान उम्र 19 साल निवासी म.नं. 58 सुभाष नगर ऐशबाग भोपाल द्वारा बताया की मेरे दोस्त निसार का बेटा अली उम्र 3 साल का इंतकाल हो गया था मै उनके घर गांधीनगर गया था गांधीनगर से शाम 7.00 बजे एक्टिवा से देवेन्द्र को साथ लेकर घर आचार्य नरेन्द्र देव नगर आ रहा था देवेन्द्र में इंतकाल में परिवार के साथ गया था । मैने एक्टिवा काम्पलेक्स के पास खडी की थी उसी समय आकाश जो अर्जुन नगर में रहता है आकर जान से मारने की नियत से मेरी गर्दन पर बांये तरफ छुरी तथा पीठ पर छुरी से मारा, उसका साथी सोहेल ने सीधे पैर में छुरी से मारा तथा एक और अन्य लडका था आकाश से मरी दोस्ती थी मुझसे 2 माह पहले आकाश से बहसबाजी हुई थी उसी बात को लेकर मुझसे रंजिश रखता था देवेन्द्र बीच बचाव करने आया तो उसकी भी जांघ में मार दिया मुझे तथा देवेन्द्र को काफी खून बहने लगा घटना आसपास के लोगों व काम्पलेक्स वाले ने देखी है । रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावे। की रिपोर्ट पर अपराध क्र. 209/25 धारा 109,3(5) इठर व ईजाफा धारा 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस कार्यवाहीः-** घटना की सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह सेंगर के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर आरोपियो की धर पकड हेतु टीम को लगाया गया ।

पुलिस टीम द्वारा तत्काल प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए घटना स्थल के आसपास के लोगो से पूछताछ कर व चैकिंग पाईंट लगाकर चैकिंग कर आने जाने वाले रास्तो में लगे लगभग कई कैमरो को खंगाला एवं सी.सी.टी.व्ही फुटेज का अवलोकन कर एवं गुप्त मुखबिरो की सूचना तथा तकनीकी सहायता टावर लोकेशन के माध्यम से आरोपी आकाश सोनी उर्फ आकाश नेपाली पिता शेर बहादुर उम्र 23 वर्ष नि झु.न. 23/2 राजीव नगर केन्द्रीय विद्यालय 1 थाना एमपीनगर भोपाल का पता लगा कर घेराबंधी कर आरोपी की विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी से छुरी जप्त की गई। आरोपी थाना एमपीनगर भोपाल का बदमाश है इसके विरुध्द भोपाल जिले के अलग-2 थानो में कई अपराध दर्ज है।

धर पकड में शामिल पुलिस टीम- निरीक्षक विजय बहादुर सिंह सेंगर , उनि लक्ष्मण राई ,उनि प्रदीप मिश्रा, प्रआर संतोष सिंह, प्रआर 38 लोकेन्द्र सिंह ,प्रआर 2897 संतोष मंदरे , प्र.आर.971 अजय शर्मा, प्रआर 1036 अमित ,आर.3561 सुनील राजपूत, की सराहनीय भूमिका रही

**जप्तीः** - 1 लोहे की छुरी
गिरफ्तार आरोपीः- आकाश सोनी उर्फ आकाश नेपाली पिता शेर बहादुर उम्र 23 वर्ष नि झु.न. 23/2 राजीव नगर केन्द्रीय विद्यालय 1 थाना एमपीनगर भोपाल ( आरोपी के विरुध्द पूर्व से ही 04 अपराध दर्ज है भोपाल जिले के थानो में )।

# बिजली बिल कम करने तथा खपत को नियंत्रित करने में मददगार साबित हुआ स्मार्ट मीटर

**ग्राहकों के लिए गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्धन कराने की पहल**

**भोपाल**। केन्द्र सरकार की रिवेम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) योजना के अंतर्गत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र में स्मार्ट मीटर बेहतर कार्य कर रहे हैं। जहां-जहां स्माधर्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, वहां पर समय पर बिलिंग तथा रीडिंग हो रही है। कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में अब तक सवा दो लाख स्मार्ट मीटर स्थासपित किए जा चुके हैं। कंपनी ने कहा है कि



स्मागर्ट मीटर लगने से उपभोक्तांओं को बेहतर सेवाएं, सटीक बिलिंग और ऊर्जा दक्षता में सुधार हो रहा है। स्मर्टि मीटर लगाने का काम समय सीमा में पूर्ण करने के लिए कंपनी की टीमें लगातार कार्य में जुटी हुई हैं। **रियल टाइम डेटा उपलब्ध** - मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्मामर्ट मीटर के फायदे बताते हुए कहा है कि स्मा्र्ट मीटर से रियल टाइम डेटा प्राप्तत किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ताफओं को सटीक और समय पर बिलिंग सुनिश्चित की जा रही है। कंपनी ने बताया कि जहां-जहां भी स्माजर्ट मीटर स्थांपित किए जा चुके हैं वहां पर बिलिंग तथा रीडिंग निर्धारित समय पर हो रही है, इससे सभी उपभोक्ताा संतुष्टे हैं। नए टैरिफ आर्डर के अनुसार स्मर्टि मीटर उपभोक्तातओं को अब खपत के आधार पर दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। **रीडिंग में कोई गड़बड़ी नहीं**- मध्यं क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अपने कार्यक्षेत्रांतर्गत जब से स्मा्र्ट मीटर स्थाुपित करने शुरू किये हैं तभी से स्माकर्ट मीटर के समारात्मणक परिणाम आने शुरू हो गए हैं। उपभोक्तामओं को वा?स्त विक समय में ऊर्जा खपत की सटीक तथा अद्यतन जानकारी मिल रही है, साथ ही रीडिंग में किसी तरह की कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई है। इसके अलावा उपभोक्तामओं के परिसर में जाकर रीडिंग लेने की जरूरत भी नहीं है, क्योंकि निर्धारित तिथि पर ऑटोमेटिक रीडिंग करके उपभोक्तानओं के पंजीकृत मोबाइल पर बिल जारी किया जा रहा है। **उपभोक्तार स्व यं खपत की निगरानी कर रहे**- मध्यक क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बताया कि स्मार्ट के फायदे अनेक हैं। जहां-जहां भी स्मापर्ट मीटर स्थाापित किए जा चुके हैं वहां पर निर्धारित समय पर तथा सटीक रीडिंग मिल रही है। उपभोक्तौ स्वायं भी ऊर्जा खपत की निगरानी कर सकते हैं, इसके लिए हर 15 मिनट में डाटा अद्यतन हो रहा है, ताकि यह समझने में आसानी रहे कि किस समय कितनी ऊर्जा की खपत हुई है। इससे बिजली खपत को नियंत्रित करने में आसानी हो रही है। **बिलों में त्रुटि की संभावना नहीं**- स्मांर्ट मीटरों से बिजली के बिलों में त्रुटि की संभावना बहुत कम हो गई है और बिजली की चोरी रोकने में भी स्मांर्ट मीटर मददगार साबित हो रहे हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संजय पूरविया द्वारा स्वराज पब्लिकेशन,बी-20ए,डीपीएस स्कूल के पास, वार्ड नं. 81 , कोलार रोड, भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 223 , ज्योतिबा फुले नगर चार इमली, साउथ टी.टी. नगर भोपाल म.प्र. 462003 से प्रकाशित ।
संपादक* संजय पूरविया,मो. 9425375756 (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा। ) RNI NO. MPHIN/2016/69277